

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
अयोध्या मंदिर की पहली वर्षगांठ की शुभकामनाएं
● नई दिल्ली। बुधवार 22 जनवरी-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 34 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य: ₹3







## जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अधिकारियों के साथ मीटिंग कर दिए निर्देश

# आईजीआरएस से लेकर जनसुनवाई का स्तर हो बेहतर

### - पत्रकारों से रू-ब-रू होकर बोले आईएएस दीपक मीणा, समय-समय पर करेंगे मीडिया से मुलाकात और वार्ता के लिए हमेशा खुला रहेगा उनका द्वार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के नवनियुक्त जिलाधिकारी के रूप में आइएएस दीपक मीणा ने शनिवार को ही चार्ज संभाल लिया था। मंगलवार को वह दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन कलेक्ट्रेट भवन में पत्रकारों से रू-ब-रू हुए और अपना परिचय देने के साथ उनसे मुलाकात की। इस दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने साझा किया है कि मंगलवार को उन्होंने गाजियाबाद के प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक की है। जिसमें जिलाधिकारी ने खराब रैंक लाने वाले विभागों को अलर्ट कर दिया है। तो वहीं मुख्यमंत्री डैश बोर्ड से लेकर आईजीआरएस को लेकर खास निर्देश दिए गए हैं। वहीं उन्होंने अधिकारियों को कहा है कि वह रोस्टर सिस्टम देखेंगे और रजिस्टरों की भी एक महीने के बाद जांच करेंगे। साथ उन्होंने पीएम आवास योजना में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं किए जाने के लिए भी निर्देश दिए हैं। वहीं निर्माण से लेकर उन्होंने गाजियाबाद जिले में सड़क हादसों में लोगों की जान जाने और इनमें कमी लाने के लिए भी प्लानिंग करने की बात की है। तो वहीं 23 जनवरी को मानव श्रृंखला बनाकर सड़क हादसों में कमी लाने और लोगों से हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाए जाने के लिए कार्यक्रम शुरू करने की जानकारी दी है। इसके साथ ही जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा है कि वह मीडिया से हर कार्य में सहयोग लेते रहेंगे। गाजियाबाद के विकास कार्यों और सुधार कार्यों के लिए जहां भी उनको मीडिया की मदद और सहयोग चाहिए होगा वह पीछे नहीं हटेंगे। साथ ही उन्होंने कहा है कि किसी भी तरीके का संवाद और सूचना लेने देने के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। गाजियाबाद में मंगलवार को पत्रकारों से रू-ब-रू होते हुए दीपक मीणा ने जानकारी दी है कि आगामी 23 जनवरी से लेकर 26 जनवरी तक कई तरीके के विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से नियमित रूप से संवाद जारी रखने की बात की।

### श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर और मेरठ से बेहतर रहेंगे गाजियाबाद के परिणाम

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद के नवनियुक्त जिलाधिकारी दीपक मीणा मंगलवार को गाजियाबाद में पत्रकारों से मिले। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनकी जिलाधिकारी के रूप में यह चौथी पोस्टिंग है। इससे पहले वह लगभग पौने तीन साल मेरठ में रहे। वहां उनके द्वारा तमाम तरीके के विकास कार्यों से लेकर ट्रैफिक और अन्य व्यवस्थाओं पर कार्य करवाया गया है। उन्होंने कहा गाजियाबाद जिले के बारे में वह अभी जानकारी जुटा रहे हैं, जो यहां की मूल समस्याएं हैं, उनका हल कराने के अधिकारियों को निर्देश देंगे। साथ ही उन्होंने कहा है कि किसी भी प्रकार अवैध कार्यों को लेकर उनका डायरेक्ट एक्शन वाला निर्देश रहेगा। तो वहीं उन्होंने कहा है कि वह समय-समय पर पत्रकारों से मिलेंगे और गाजियाबाद के विकास और विस्तार के लिए काम करेंगे।



### डीएम का अधिकारियों को संदेश ऑफिस रहे साफ और व्यवस्थित

करंट क्राइम : पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा है कि उन्होंने सभी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उनके ऑफिस साफ हो व्यवस्थित हों। वहां ठीक प्रकार से फाइल रखी जाएं और जो भी किसी प्रकार की समस्या आ रही हो वह उनको बताई जाएं। वह अपने स्तर से लेकर शासन स्तर तक जो संभव प्रयासों होंगे उसको करने का काम करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस की स्थिति में सुधार और फीडबैक की महत्वपूर्ण स्थिति को सुधारने के लिए भी सभी को निर्देशित किया गया है।

### पीएम आवास योजना और निर्माण कार्यों पर रहेगी खास नजर

करंट क्राइम : जिलाधिकारी दीपक मीणा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना और निर्माण कार्यों को लेकर उनकी खास नजर रहेगी। यहां पर किसी प्रकार की लापरवाही और कार्य में गुणवत्ता से खिलवाड़ वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा है कि शासन की मंशा के अनुरूप किए जाने वाले सभी कार्यों को वह प्राथमिकता में रखेंगे। इसके साथ ही मंडी और स्कॉलरशिप पोर्टल को लेकर भी वह समय-समय पर रिव्यू करने का काम करेंगे।

### 23 से लेकर 26 जनवरी तक होंगे जनपद में कई कार्यक्रम

करंट क्राइम : जिलाधिकारी दीपक मीणा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाष जयंती के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाकर सड़क दुर्घटना और एनसीआर में में बढ़ते हादसों में कमी लाने के लिए हेलमेट लगाने का संदेश देने वाला कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तो वहीं 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस है, इस दिन भी हिंदी भवन लोहिया नगर में सुबह 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रदर्शनी को लेकर कार्यक्रम होगा। वहीं 25 जनवरी को पर्यटन एवं मतदाता दिवस है, इसको लेकर भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम और युवा-वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मानित करने के साथ ही मतदान के महत्व को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं पर्यावरण संतुलन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस है। सभी विभागों में शासनादेश के अनुपालन में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार एवं विजेता प्रतियोगियों को उपहार भी भेंट करने का काम किया जाएगा।

### जिलाधिकारी की मीडिया से सहयोग वाली अपील

करंट क्राइम : जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मंगलवार को पत्रकारों से मुलाकात की तो बताया कि जनपद के विकास कार्यों में और अन्य योजनाओं को लेकर वह जल्द ही धरातल पर काम शुरू कर देंगे। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा है कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, वह अभी इस जिले में नए आए हैं। जनपद की काफी समस्याओं से अवगत कराने में मीडिया बंधुओं, अधिकारियों, जनपदवासियों के सहयोग से अवगत हो जाएंगे, तो उसे जल्द से जल्द सुलझाने का काम करेंगे। उन्होंने मीडिया से कहा है कि उनको सकारात्मक सहयोग चाहिए होगा ताकि शहर का विकास और उन्नति अधिक की जा सके।

### डीएम दीपक मीणा ने कहा व्हाट्सएप पर जल्द होंगे एक्टिव और फिर देंगे सीधे जवाब

करंट क्राइम : दीपक मीणा 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उनकी वर्किंग मेरठ में काफी प्रशंसनीय रही है। उन्होंने मेरठ महोत्सव जैसे आयोजन कराया है। तो गाजियाबाद पोस्टिंग भी उनको पूर्व की तैनाती और वर्किंग स्टाइल के आधार पर दी गई है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा है कि अभी उनका व्हाट्सएप नंबर शुरू नहीं हुआ है। एक से दो दिन में वह अपना नंबर शुरू कर लेंगे। जिसके बाद उनके व्हाट्सएप पर आने वाले सवाल, शिकायतें और परेशानियों के लिए वह सीधे संपर्क और समाधान कराने का काम करेंगे। साथ ही उन्होंने पत्रकारों से कहा है कि वह मीडिया से भी लगातार संपर्क में रहने का काम करेंगे।

**जिलाधिकारी ने खराब रैंक लाने वाले विभागों को अलर्ट कर दिया है। उन्होंने पीएम आवास योजना में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं किए जाने के लिए भी निर्देश दिए हैं।**

### इनके साथ की डीएम ने बैठक

करंट क्राइम : बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, डीएफओ ईशा तिवारी, सीएमओ डॉ.भवतोष शंखधर, एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता, एसडीएम लोनी राजेन्द्र कुमार, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तवा सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# हो गया भाजपा महानगर अध्यक्ष का नाम फाइनल होकर लिफाफे में बंद

### पांच चेहरों के बीच हुई है इस नाम पर मुहर लगाने को लेकर वैचारिक द्वंद्व

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के महानगर अध्यक्ष की रेस में कौन सा फेस विनर बनने जा रहा है इस पर मुहर लग गई है। महानगर अध्यक्ष के नाम की छंटनी होते होते वो नाम फाईनल हो गया जिसके सिर पर महानगर अध्यक्ष वाला ताज आना है। ये नाम लखनऊ वाली बैठक में मंगलवार को फाईनल हो गया। मंगलवार को लखनऊ में बैठक हुई और अब दिल्ली तक ये नाम आना है। सूत्र बताते हैं कि इस बैठक में केवल पांच लोग मौजूद थे। इन पांच चेहरों के बीच नाम फाईनल करने को लेकर वैचारिक द्वंद्व हुआ। सभी पहलुओं पर चर्चा हुई और फिर नाम फाईनल होकर लिफाफे में बंद हो गया। ये नाम कौन सा है इसको लेकर द्वंद्व है। सूत्र बताते हैं कि पांच चेहरों के बीच चर्चा शुरू हुई और इस चर्चा में गाजियाबाद का नाम भी शामिल था। अब लिफाफा खुलना बाकी है और जिन दावेदारों ने अध्यक्ष बनने की रेस लगाई है वो सब घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। सभी अपने अपने चैनल से इस बात को भी तस्दीक कर रहे हैं कि मेरा नाम इसी पैनल था भी या नहीं।



### इन पांच योद्धाओं ने किया है महानगर अध्यक्ष का नाम फाईनल

करंट क्राइम। भाजपा में राय कार्यकताओं से भी ली जाती है। सहमति संगठन के साथ बनाई जाती है और फिर उस पर बड़े नेताओं की मुहर लगती है। महानगर अध्यक्ष के चयन में भी यही हुआ है। सभी से आवेदन मांगे गये। सभी ने नामांकन पत्र दाखिल किये और फिर ये नाम शार्टलिस्ट हुए। जनप्रतिनिधियों ने अपनी अपनी पसंद के तीन नाम दिये और फिर सभी बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए अंतिम नाम फाईनल हुआ। जो पांच चेहरे फाईनल मुहर लगा रहे हैं वो भाजपा के बड़े योद्धा हैं इनमें उत्तर प्रदेश के संगठन चुनाव अधिकारी महेन्द्र नाथ पांडेय हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी हैं। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल हैं। भाजपा के पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी सुभाष यदुवंशी हैं और क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया हैं। इन पांच बड़े पदाधिकारियों की सहमति अध्यक्षों के नाम पर मुहर लग गई है।

### रहस्य है सवाल, लिस्ट में मयंक-मानसिंह-पहलवान-त्यागी या हैं गोपाल

करंट क्राइम। नामों को लेकर गहन मंथन हुआ है। अध्यक्ष बनने के लिए 63 लोग मैदान में आये। एक दावेदार ने सुबह पर्चा भरा और शाम को वापस ले लिया फिर 62 लोग रह गये। इसके बाद छंटनी शुरू हुई और 10 लोग रह गये। फिर ये सीन 5 तक सिमटा। फिर तीन के बीच सीन आ गया और अब फाईनल बीन एक ही नाम पर बज गई है। रहस्य यही बरकरार है कि आखिर ये नाम कौन है। ये नाम मयंक गोयल का है। ये नाम मानसिंह गोस्वामी का है या ये नाम गोपाल अग्रवाल का है। सीन घूम रहा है और ये भी माना जा रहा है कि ये नाम पप्पू पहलवान का है। क्या ये नाम बॉबी त्यागी का है या प्रेम त्यागी का नाम है। बहरहाल अब जो भी है फिलहाल एक नाम लिफाफे में बंद है।

### बहुत मजबूत हैं ये फेस और बनाकर रखेंगे अंतिम घोषणा तक क्रेज

करंट क्राइम। नामों को लेकर शुरू से चर्चा चलती रही। दावेदार अपना अपना दावा करते रहे। किसी ने संगठन वाले भाईसाहब की शरण ली तो कोई सरकार वालों तक पहुंचा। किसी ने कोर कमेटी के दर पर माथा झुकाया। तो कोई ध्वज प्रणाम वालों के यहां भी हो आया। लेकिन ये भाजपा है और यहां अंतिम समय तक फैसले की रोटी विचारों के तवे पर उलटी पुल्टी जाती है। सभी इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि ये नाम कौन सा है। लेकिन पूरी भाजपा जानती है कि जिन पांच नामों ने नाम फाईनल किया है ये पांचों चेहरे बहुत ही दमदार चेहरे हैं। गहरे फैसले लेते हैं गहरा चिंतन करते हैं। लिहाजा ऐसे में अगर नाम लीक होता है तो फिर ये माना जायेगा कि इन्हीं पांचों में से कोई एक वीक हुआ है। ये भाजपा के वरिष्ठ नेता है बड़े पदों पर है। लिहाजा ये अपनी मयार्दा से बाहर नहीं जायेंगे और कयास लगाने वाले कयास लगायेंगे।

# मिजोरम के नवनियुक्त गवर्नर वीके सिंह ने की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात

### राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी की मुलाकात





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद से दो बार सांसद रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह अब मिजोरम के महामहिम गवर्नर हैं। जनरल वीके सिंह ने मिजोरम के गवर्नर नियुक्त होने और शपथ लेने के बाद दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान जनरल वीके सिंह ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मिजोरम राज्य को और अधिक प्रगतिशील बनाने के लिए विचार विमर्श किया। उन्होंनें मिजोरम में शिक्षा और कई परियोजनाओं को लेकर विचार विमर्श किया। मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात के वित्त मंत्री डॉ निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी शिष्टाचार भेंट की। सभी ने मिजोरम के गवर्नर जनरल वीके सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। कहा कि आप मिजोरम के गवर्नर रहते हुए मिजोरम को उन्नति के रास्ते पर लेकर जायेंगे। यही हमारी प्राथमिकता है। मिजोरम के गवर्नर जनरल वीके सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहेंगे।







# आज प्रयागराज में योगी कैबिनेट की बैठक, फिर 54 मंत्रियों के साथ सीएम त्रिवेणी में करेंगे स्नान

**प्रयागराज।** प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ में बुधवार (22 जनवरी) को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुंभ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था।






### 12 बजे शुरू होगी बैठक

महाकुंभ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी।

### सभी मंत्री करेंगे विधिवत पूजन

बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिये त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे। जानकारी के मुताबिक सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संगम में लगाई डुबकी, अदाणी ने की पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण

**प्रयागराज।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने प्रयागराज के ऐतिहासिक संगम में डुबकी लगाई और इसके बाद मां गंगा की पूजा की। उनके इस धार्मिक अनुष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी उनके साथ मौजूद रहे। संगम में डुबकी लगाने के बाद रामनाथ कोविंद ने धार्मिक क्रियाओं के तहत मां गंगा का आशीर्वाद लिया और पूजा-अर्चना की।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का संगम में डुबकी लगाना एक विशेष धार्मिक अवसर था, जो उनके लिए आध्यात्मिक महत्व रखता था। प्रयागराज के इस ऐतिहासिक स्थल पर आस्था का एक अलग ही अनुभव होता है, और यहां की धार्मिक धारा ने रामनाथ कोविंद को एक गहरी आस्था और शांति का अहसास कराया।





**अदाणी ने की पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ ही, जाने-माने उद्योगपति गौतम अदाणी ने भी संगम क्षेत्र में पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद अदाणी ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया और धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा बने। अदाणी ने इस अवसर पर संगम की पवित्रता का सम्मान करते हुए मां गंगा की आराधना की और आस्था की महिमा का अनुभव किया।

यह आयोजन धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण था और इसने संगम की पवित्रता को और भी प्रगाढ़ किया। रामनाथ कोविंद और गौतम अदाणी दोनों ने इस अवसर पर अपने आध्यात्मिक अनुभवों को साझा किया और श्रद्धालुओं के साथ समय बिताया।

**महाकुंभ पहुंचीं राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति :** महाकुंभ में पहुंचीं राज्यसभा सांसद व अरबपति सुधा मूर्ति ने कहा कि 'मैंने तीन दिन की मन्नत मानी थी, कल पवित्र स्नान किया, आज भी करूंगी और कल फिर करूंगी। मुझे यहां आकर बहुत अच्छा लगा। मेरे नाना, नानी, दादा जी कोई नहीं आ सका। इसलिए मुझे उनके नाम पर तर्पण करना है।

**उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सभी संत-महात्माओं का हृदय से आभार जताया :** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पहली बार डिजिटल महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। मैं राज्य सरकार की ओर से महाकुंभ में पधारे सभी संत-महात्माओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

**मां गंगा के आशीर्वाद से बड़ा कुछ नहीं :** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी का कहना है, 'प्रयागराज महाकुंभ में मुझे जो अनुभव हुआ। यहां जो प्रबंधन है, वो वह अद्भुत है। मैं देशवासियों की ओर से पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं।

# पांच फरवरी को महाकुंभ आ सकते हैं पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होने वाले हैं। उम्मीद है कि एक फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। 27 जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। वह संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी 10 फरवरी को प्रयागराज जाने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। इन नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है।



इससे पहले मंगलवार को महाकुंभ मेले में श्रद्धालु जुटे, जबकि क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था। खराब मौसम की स्थिति का तीर्थयात्रियों की संख्या पर कोई असर नहीं पड़ा। आने वाले दिनों में तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें चार प्रमुख शाही स्नान होंगे। अगली प्रमुख स्नान तिथियों में 29 जनवरी (मौनी अमावस्या), तीन फरवरी (बसंत पंचमी), 12 फरवरी (माघी पूर्णिमा) और 26 फरवरी (महाशिवरात्रि)।

उत्तर प्रदेश सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, महाकुंभ के नौवें दिन 1597 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। 20 जनवरी तक 88.1 मिलियन से अधिक लोग पहले ही गंगा, यमुना और रहस्यमयी सरस्वती के पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

### महाकुंभ जाएंगी राष्ट्रपति मुर्मू

देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी प्रयागराज के महाकुंभ में शामिल होने के लिए जाएंगी। जानकारी के मुताबिक, 10 फरवरी को द्रौपदी मुर्मू महाकुंभ जाएंगा।

इसके अलावा 27 जनवरी को गृह मंत्री अमित शाह महाकुंभ में शिरकत करेंगे।

गृह मंत्री के प्रोग्राम का शेड्यूल भी जारी किया जा चुका है। इसमें संगम स्नान, गंगा पूजन और अधिकारियों के साथ बैठक शामिल है। गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को देखते हुए यूपी पुलिस पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

### 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

महाकुंभ में इस बार 45 करोड़ श्रद्धालुओं के पवित्र संगम में स्नान करने का अनुमान है। लेकिन कुंभ में आने वाली इतनी भारी भीड़ की गिनती आखिर कैसे होती है। साथ ही यह सिर्फ अनुमान है या फिर इसके पीछे किसी सटीक मेथड का भी इस्तेमाल किया जाता है।

तो आज आपको बताते हैं कि आखिर दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन कहे जाने वाले कुंभ में लोगों की गिनती करने के लिए क्या-क्या तकनीक अपनाई जाती रही हैं।

# योगी सरकार की पहले से की गई तैयारी ने टाला बड़ा हादसा

**प्रयागराज।** महाकुंभ को लेकर योगी सरकार की व्यापक तैयारी का ही नतीजा था कि रविवार को बड़ा हादसा टल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही महज दो मिनट में अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद एक-एक कर 45 गाड़ियां पहुंचीं। करीब 1.5 घंटे के अथक प्रयास के बाद आग को पूरी तरह बुझा लिया गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।



महाकुंभ मेला के नोडल मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि खाना बनाते समय गैस सिलिंडर से लगी आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया। आग ने तेजी से घास-फूस की बनी झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। मेला कंट्रोल रूम ने तुरंत आरटी सेट के माध्यम से फायर स्टेशन कोतवाली झूंसी और अन्य फायर इकाइयों को सतर्क किया।

आग की भयावहता को देखकर पास के सभी फायर स्टेशनों से गाड़ियां मंगाई गईं। आग बुझाने के दौरान तीन सिलिंडर फटे। इसके बावजूद अग्निशमन विभाग के जांबाज कर्मियों ने जान की परवाह किए बिना करीब 30 लोगों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। इसके साथ ही 200-300 अस्थायी पंडालों को पानी की बौछारें मारकर सुरक्षित किया गया।

# भाजपा सोने का मृग : अरविंद केजरीवाल

## दिल्ली के दंगल में अब रामायण, रावण और मारीच की भी एंट्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में नामांकन और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब प्रचार की बारी है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी से लेकर विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) तक, हर दल के बड़े नेता चुनावी रैलियों के जरिये एक-दूसरे को घेर रहे हैं। दिल्ली के दंगल में अब रामायण, रावण और मारीच की भी एंट्री हो गई है। आम आदमी पार्टी के सीएम कैंडिडेट अरविंद केजरीवाल के एक बयान को आधार बनाकर बीजेपी ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बीजेपी ने केजरीवाल को फर्जी हिंदू बताते हुए उनके बयान को सनातन का अपमान बताया है। इस पूरे मामले को लेकर अब आम आदमी पार्टी भी आक्रामक मोड में आ गई है। बीजेपी के आरोप पर अरविंद केजरीवाल ने पलटवार किया है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि कल कह दिया कि रावण सोने का हिरण बनकर आया था। ये (बीजेपी वाले) कह रहे हैं कि रावण नहीं मारीच बनकर आया था। उन्होंने कहा कि पूरी बीजेपी धरने पर बैठी है कि मैंने रावण का अपमान कैसे कर दिया। केजरीवाल ने बीजेपी पर पलटवार करते हुए कहा कि इनकी प्रवृत्ति राक्षसी है। झुग्गी वालों और आम लोगों से कहना चाहता हूं कि ये (बीजेपी) अगर सत्ता में आ गए तो राक्षसों की तरह आपको निगल जाएंगे। केजरीवाल ने खुद को जादुगर भी बताया।



**प्रियंका कक्कड़ का बीजेपी पर वार :** इससे पहले आम आदमी पार्टी की नेता प्रियंका कक्कड़ ने रामायण विवाद पर कहा कि केजरीवाल ने रावण के लिए कुछ गलत कह दिया था लेकिन बीजेपी रावण के पक्ष में आ गई है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि बीजेपी रावण को अपना देवता मानती है। अगर ये दिल्ली में जीत जाएंगे तो झुग्गियां तोड़ देंगे। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने इस मुद्दे पर केजरीवाल को घेरते हुए पूछा है कि ये किस रामायण में लिखा है? उन्होंने ये आरोप भी लगाया है कि चुनाव आते ही केजरीवाल फर्जी हिंदू बन जाते हैं।

**बीजेपी ने लगाया सनातन का माखौल उड़ाने का आरोप :** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता और रोहिणी से बीजेपी के विधायक विजेंद्र गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। उन्होंने केजरीवाल पर चुनावों में मंदिर-मंदिर जाने का ढोंग करने का आरोप लगाते हुए सनातन का माखौल उड़ाने का आरोप लगाया। विजेंद्र गुप्ता ने ये भी कहा कि एक तरफ आप दिल्ली में विश्वस्तरीय शिक्षा मॉडल का ढोल पीटते हैं और दूसरी तरफ आपको रामायण का ही ज्ञान नहीं है।

### हर्षवर्धन ने बताया चुनावी हिंदू

साल 2013 के दिल्ली चुनाव में बीजेपी के सीएम कैंडिडेट रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने तंज करते हुए कहा है कि एक रामायण अरविंद केजरीवाल ने भी लिखी थी जिसमें सीता मैया का हरण करने के लिए मारीच ने नहीं, खुद रावण ने हिरण का रूप लिया था। ये इतिहास याद रखेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी गलतियां तभी होती हैं जब चुनावी हिंदू तुष्टिकरण वर्जन का त्याग कर हिंदू बनने की एक्टिंग करते हैं। चुनाव आते ही खुद को हनुमान भक्त बताते हैं, दीवाली का आयोजन भी कराते हैं और रामायण का ऐसा मजाक उड़ाते हैं।


**कांग्रेस ने बीजेपी और केजरीवाल, दोनों पर किया तंज :** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने इस मुद्दे पर बीजेपी और अरविंद केजरीवाल, दोनों पर ही हमला बोला। उन्होंने कहा है कि चुनाव के समय बीजेपी नकली हिंदू, मुसलमान, सिख बन जाती है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि उसी तरह अरविंद केजरीवाल भी नकली हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि रामायण तो हर घर में पढ़ी जाती है।

# झील में पहली बार दिखे पलाश फिश ईगल के दो जोड़े, पक्षी गणना के दौरान हुए स्पॉट

**देहरादून।** सर्दी के मौसम में आसन रामसर साइट की झील पर उड़ान भरने वाला पलाश फिश ईगल नामक पक्षी इस बार पक्षी प्रेमियों के लिए सौगात लेकर आया है। आसन के इतिहास में पहली बार ईगल के दो जोड़े पक्षी गणना के दौरान स्पॉट किए गए हैं। बताते चलें कि पलाश फिश ईगल को समुद्री ईगल के रूप में जाना जाता है और यह विश्व की अत्यंत दुर्लभ प्रजाति में आता है।

आसन रामसर साइट में सर्दी का मौसम शुरू होते ही साइबेरिया समेत, यूरोप, ईरान, ईराक, अफगानिस्तान के अलावा उच्च हिमालयी क्षेत्रों से भारी संख्या में पक्षी प्रवास के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान पलाश फिश ईगल भी रामसर साइट की शान बनकर क्षेत्र के आसमान में उड़ान भरता दिखाई देता है। लेकिन, इसकी संख्या दो से अधिक कभी नहीं देखी गई।

ऐसा पहली बार है कि रामसर साइट में इस बार पक्षी के दो जोड़े दिखाई दिए हैं। वन विभाग के पक्षी विशेषज्ञ व वन दरोगा प्रदीप सक्सेना ने बताया कि पक्षी गणना में टीम ने ईगल के दो जोड़े स्पॉट किए हैं। उन्होंने बताया कि यह पक्षी प्रेमियों के लिए उत्साह का विषय है कि इनकी संख्या में बढ़ोतरी हुई है।



### विश्व में गिनती के पक्षी

पलाश फिश ईगल को विश्व का अत्यंत दुर्लभ प्रजाति का पक्षी माना जाता है। बताते चलें कि इस प्रजाति के मात्र 2500 पक्षी ही विश्व स्तर पर गिने गए हैं। ईगल के शरीर की बनावट की बात की जाए तो यह 84 सेमी तक लंबा होता है, और इसके पंखों का फैलाव करीब 215 सेमी तक हो सकता है। मादा पक्षी का वजन करीब तीन और नर का वजन करीब सात किलो तक होता है।

### कई साल पहले तक बनाता रहा घोंसला

पलाश फिश ईगल का आसन क्षेत्र में आने वाला जोड़ा वर्षों से रामपुर मंडी स्थित वन आरक्षी प्रशिक्षण संस्थान के जंगल में मौजूद एक ऊंचाई वाले पेड़ पर अपना घोंसला बनाता रहा है। लेकिन चार साल पहले जोड़ा आसन नहीं आया था। इसके दो साल बाद एक पक्षी आसन क्षेत्र में दिखाई दिया और इसके बाद से यह एक जोड़ा निरंतर प्रवासी पक्षियों की आमद के साथ क्षेत्र में उड़ान भरता दिखाई देता रहा है।

# होटल में मिली युवक की लाश : गर्लफ्रेंड के साथ आया था, पुलिस को चमका दे गई प्रेमिका




**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को एक होटल में युवक की लाश मिली। यहां वह अपनी प्रेमिका के साथ रुका था। खबर पाकर पुलिस पहुंची इससे पहले ही प्रेमिका मौके से फरार हो गई। युवक अपनी प्रेमका के साथ राजस्थान से यहां आया था। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

घटना कामता चौकी क्षेत्र के गोविंद विहार स्थित होटल सैफरॉन की है। पुलिस ने बताया कि राजस्थान के जालोर निवासी नीलेश भंडारी 18 जनवरी को डिंपल के साथ आया था। डिंपल को उसने अपनी पत्नी बताया था। बताया था कि वह व्यवसाय के काम से आया है। वह कमरा नंबर 205 में रुका था। दो दिन रुकने के बाद इसमें कुछ पानी समस्या बताई। इसके बाद 20 जनवरी को उन्हें कमरा नंबर 205 में शिफ्ट कर दिया गया था।

होटल कर्मी ने बताया कि वह सुबह करीब 10:20 बजे विभूतिखंड स्थित राजभोग होटल में खाना खाने गए थे। वहां से लौटने के बाद करीब 2:20 बजे फ्लोर से लड़की के चिल्लाने की आवाज आई।

चीख सुनकर होटल कर्मी रवि और राजू भागकर पहुंचे। वहां नीलेश बाथरूम में नग्न अवस्था में पड़ा था। कर्मचारी चंद्रकांत मिश्रा उसे लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में भंवरे ने खिलाया फूल...

## देखें रंग-बिरंगे हजारों फूलों के नजारे, 2 फरवरी से आम लोगों की एंट्री







**नई दिल्ली।** दिल्ली में राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 2 फरवरी से एक बार फिर आम जनता के लिए खुलने जा रहा है। अमृत उद्यान 30 मार्च तक जनता के भ्रमण के लिए खुला रहेगा। लोग हफ्ते में 6 दिन यहां जा सकते हैं और सैकड़ों प्रकार के फूलों के नजारे का आनंद उठा सकते हैं। केवल एक दिन सोमवार को अवकाश के चलते अमृत उद्यान बंद रहेगा। ऐसे में सोमवार को यहां जाने से बचें।

अमृत उद्यान में फूलों का नजारा सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक देखा जा सकता है। अमृत उद्यान 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने की वजह से बंद रहेगा। वहीं राष्ट्रपति भवन में आगंतुकों के सम्मेलन होने की वजह से 20 और 21 फरवरी तथा होली के कारण 14 मार्च को भी बंद रहेगा।

### अमृत उद्यान में कैसे जाएं?

अमृत उद्यान में सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास गेट नंबर 35 से होगा। जोकि नॉर्थ एवेन्यू राष्ट्रपति भवन से मिलता है। आगंतुकों की सुविधा के लिए, केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा सुबह 9 ।30 बजे से शाम 6 ।00 बजे के बीच हर 30 मिनट में उपलब्ध होगी।

अमृत उद्यान इन दिनों में विशेष श्रेणियों के लिए खुला रहेगा:

- 26 मार्च : दिव्यांग व्यक्तियों के लिए
- 27 मार्च : रक्षा, अर्धसैनिक और पुलिस बलों के कर्मियों के लिए
- 28 मार्च : महिलाओं और आदिवासी महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए
- 29 मार्च : वरिष्ठ नागरिकों के लिए

हालांकि अमृत उद्यान में यहां सीधा भी पहुंचा जा सकता है। लेकिन पहले बुकिंग से सुविधा रहती है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति भवन 6 से 9 मार्च 2025 तक अमृत उद्यान विविधा का अमृत महोत्सव भी आयोजित करने जा रहा है। इस वर्ष के महोत्सव में दक्षिणी भारत की समृद्ध सांस्कृतिक का प्रदर्शन होगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 22 जनवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## श्रीराम मंदिर की आ गई पहली वर्षगांठ

# क्या एलिवेटिड रोड का नाम हो पाएगा राम सेतु मार्ग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आज 22 जनवरी का दिन है, आज ही के दिन अयोध्या में भगवान श्रीराम भव्य एंव मंदिर निर्माण और रामलाल के दर्शन होने शुरू हुए थे। जिसकी आज प्रथम वर्षगांठ है। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद नगर निगम गाजियाबाद के सदन में गाजियाबाद की एलिवेटेड रोड का नाम रामसेतु मार्ग करने का फैसला लिया गया था। इस फैसले को लंबा समय हो गया है लेकिन बीते एक साल में इस ओर अब तक कोई कार्य और इसकी फाइल की प्रगति होती नजर नहीं आ रही है। वहीं नगर निगम के सूत्र बता रहे हैं कि नगर निगम में जो एलिवेटेड रोड का नाम रामसेतु के नाम से फाइनल हुआ था, वह फाइल अटक गई है। जिस वजह से अभी तक भी एलिवेटेड रोड पूर्व की भांति अपनी पहचान बनाए हुए हैं। बता दें कि गाजियाबाद की एलिवेटेड रोड सिंगल पिलर पर लगभग 11 किलोमीटर से अधिक लंबा पुल है। जो प्रदेश और देश में अपनी तरीके का अलग मॉडल है। इसका निर्माण सपा सरकार में हुआ था।

## क्या लखनऊ में फंस गई राम सेतु मार्ग के नाम वाली फाइल

### नगर निगम सदन में जोरशोर से उठा था मुद्दा और बनी थी सभी की सहमति



**करंट क्राइम :** वर्ष 2024 में फरवरी माह में नगर निगम मुख्यालय के सदन में बोर्ड बैठक के दौरान महापौर सुनीता दयाल और पार्षद संजय सिंह ने राम मंदिर के निर्माण होने की खुशी में गाजियाबाद की एलिवेटेड रोड का नाम रामसेतु मार्ग रखे जाने की पहल की थी। इस पर सदन में सभी की सर्वसहमति से पास हो गया था। जिसे बाद में लखनऊ भेजा गया था और कहा गया था कुछ दिनों बाद एलिवेटेड रोड का नाम रामसेतु मार्ग हो जाएगा। यहां पर भगवान राम की मूर्ति व भगवा लाइटिंग का प्लान था। बता दें कि राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ भी आ गई है लेकिन राम सेतु को लेकर शुरू की गई पहल पर अब तक कोई काम होता नजर नहीं आ रहा है। नगर निगम के अधिकारियों और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राम सेतु वाली फाइल अभी लखनऊ में अटकी हुई है। तो यह कब शुरू होगी इस पर भी अभी पूरा सस्पेंस बरकरार है।

### इस बार नजर नहीं आई पिछले साल वाली सजावट और जोश

**करंट क्राइम :** आज राम मंदिर के पूजन शुरू होने वाले कार्यक्रम को एक वर्ष पूरा हो चुका है। पिछले साल जहां राम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पूजन कार्यक्रम शुरू होने को लेकर नगर निगम द्वारा शहरभर के प्रमुख मंदिरों, चौराहों और विशेष स्थानों पर सजावट की गई थी, तो शहर को भगवा रंग में भी रंग गया था। जगह-जगह और बाजारों में सजावट वाला सीन नजर आया था। तो शहर के चार प्रमुख दरवाजा से लेकर शहर के प्रमुख इलाकों और चौराहों पर भी भगवा रंग और रंगीन रोशनी की गई थी। जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम, भंडारे, मंदिरों में पूजन और कवि नगर रामलीला मैदान से लेकर अलग-अलग सोसायटियों में कार्यक्रम आयोजित किए गए थे लेकिन इस बार ऐसा नजारा देखने को नहीं मिल रहा है।



### श्रीराम मंदिर की स्थापना से पूर्व हो जाना चाहिए था एलिवेटेड का नाम रामसेतु : धीरज अग्रवाल



**करंट क्राइम :** पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया कि यूपी गेट से राजनगर एक्सटेंशन को जोड़ने वाले एलिवेटड रोड का नाम श्रीराम सेतु के नाम से जाना जाएगा। नगर निगम बोर्ड कार्यकारिणी की बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास हो चुका है। वहीं, करहैड़ा गोल चक्कर के पास भगवान राम की बड़ी प्रतिमा लगाई जाने की भी चर्चा हुई थी लेकिन अभी तक नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि श्रीराम हमारे आदर्श हैं, और जल्द से जल्द एलिवेटेड रोड के नाम को रामसेतु हो, लेकिन एक वर्ष होने को है, अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### बनना चाहिए था एलिवेटेड रोड पर भगवान राम का स्टैचू : मनोज त्यागी



**करंट क्राइम :** नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी के चिरंजीव विहार से पार्षद मनोज त्यागी का कहना है कि नगर निगम के सदन में एलिवेटेड रोड का नाम भगवान राम सेतु मार्ग रखने पर मोहर लगी थी। यहां भगवान श्रीराम की स्टेचू भी लगनी चाहिए थी लेकिन अभी यह काम शुरू नहीं हो सका है। हमारी महापौर, नगर आयुक्त और जिले के जनप्रतिनिधियों से मांग है कि इसे जल्द शुरू कराया जाए।

### राम सेतु पर लगनी चाहिए भगवान श्रीराम की बड़ी प्रतिमा : डॉ अनिल तोमर



करंट क्राइम : पार्षद डॉ अनिल तोमर ने बताया है कि एलिवेटेड रोड का नाम रामसेतु होना चाहिए, इसकी सदन में चर्चा हो चुकी है। लेकिन एक साल होने के करीब है, अभी तक वहां पर कोई बोर्ड व श्रीराम जी की प्रतिमा भी नहीं लगी है। नगर निगम सदन में पास होने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि जैसे 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की स्थापना दिवस का एक वर्ष पूरा हो रहा है। तो एलिवेटेड रोड का नाम रामसेतु नामकरण हो जाता तो क्षेत्र के लोगों में खुशी होती। मेरा यहीं कहना है कि जल्द से जल्द एलिवेटेड का नाम रामसेतु किया जाए, और वहां पर श्रीरामचंद्र जी की बड़ी प्रतिमा लगाई जाए।

### जल्दी एलिवेटेड रोड रामसेतु से जाना जाएगा: गौरव सोलंकी



**करंट क्राइम :** पार्षद गौरव सोलंकी ने बताया कि एलिवेटेड रोड के नामकरण का प्रस्ताव बोर्ड कार्यकारिणी के समक्ष रखा गया था। जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई थी और सदन में भी पास हो चुका है। उन्होंने बताया कि मैं इस समिति का सदस्य भी था और यदि अभी तक ऐसा नहीं हुआ तो तुरंत अधिकारियों को आकर्षित कर इस पर ध्यान दिया जाएगा और जल्दी राम सेतु नाम से एलिवेटेड जाना जाएगा।

### हमारी संस्कृति से जोड़ता है, रामसेतु नाम: शिल्पा चौधरी



**करंट क्राइम :** पार्षद शिल्पा चौधरी का कहना है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की मूर्ति एक वर्ष पूरा हो चुका है। अब तक एलिवेटेड का नाम रामसेतु से जाना जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि रामसेतु नाम से एलिवेटेड को जाना जाएगा, तो हमें अपनी संस्कृति से जुड़ने का मौका मिलेगा। जैसे गाजियाबाद से दिल्ली की दूरी कम हुई है, इसी तरह श्री राम ने जब रामसेतु बनाया था। तो इसका नाम जल्द से जल्द रामसेतु होना चाहिए और किसी को इसपर ऐतराज भी नहीं होगा।

### राम सेतु मार्ग देगा शहर को अलग पहचान : शीतल चौधरी



करंट क्राइम : नगर निगम की पार्षद शीतल चौधरी का कहना है कि एलिवेटेड रोड के नाम को रामसेतु मार्ग करना चाहिए था। इस काम में देरी हो रही है, जल्द ही इसपर निर्णय लेना चाहिए ताकि इससे गाजियाबाद शहर और इस मार्ग को भगवान श्री राम के नाम से जाना जा सके। यह शहर को अलग पहचान देने का भी काम करेगा।

### आज पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाएंगे सीएम योगी

**महाकुम्भ नगर, करंट क्राइम।** प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था।



शेष, पृष्ठ 2

## 20 हजार की रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार

### देहात जोन के अंकुर विहार का मामला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के देहात जोन के थाने में तैनात दरोगा को रंगे हाथ पकड़ा यगा है। मंगलवार की रात एंटी करप्शन मेरठ की टीम ने गाजियाबाद के अंकुर विहार थाने के दरोगा को 20 हजार रुपये की घूस के साथ अरेस्ट किया गया है। पुलिस वर्दी में ही दरोगा ने एक केस के सम्बंध में यह रकम ली, जहां यह रकम देने से मना किया तो दरोगा जेल भेजने का दबाव बना रहा था। दरोगा ने धमकाया था कि यह पुलिस कमिश्नरेट है रकम देनी होगी। वहीं सोशल मीडिया पर दरोगा के प्रताड़ितों की वीडियो भी वायरल हो रही है।

### मौके से रंगे हाथ पकड़ा गया दरोगा



करंट क्राइम : एंटी करप्शन मेरठ यूनिट में दरोगा मुन्ना सागर की लिखित में शिकायत की गई। जिसमें कहा था कि अंकुर विहार थाने में तैनात दरोगा मुन्ना सागर एक केस में पैसों की मांग कर रहे हैं। यह मांग पूरी न होने पर जेल भेजने की ही धमकी दी। जहां पीड़ित ने इसकी शिकायत की। दरोगा ने यह भी कहा था कि जो मैं कर दूंगा वही फाइनल है। मंगलवार देर शाम दरोगा ने 20 हजार रुपये लिए और अपनी जेब में रख लिए। जिसके बाद एंटी करप्शन की टीम ने दरोगा को रंगे हाथ दबोच लिया। 20 हजार रुपये भी रंग लगे बरामद किए गए हैं। दरोगा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में केस दर्ज किया जा रहा है। आरोपी दरोगा से पूछताछ की जा रही है, जिसे बुधवार को मेरठ की कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

### होगी विभागीय जांच


करंट क्राइम : अंकुर विहार थाने से जिस दरोगा को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ कुछ स्थानीय लोगों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उसकी जांच हो रही है, वहीं एंटी करप्शन मेरठ की टीम ने आरोपी दरोगा के मामले के सबूत अधिकारियों को भेज दिए हैं। कहा जा रहा है कि आरोपी दरोगा के खिलाफ जल्द ही विभागीय जांच भी शुरू होगी।

## जीडीए ने लिखा लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को लैटर और सुलझ गया 150 फुटा रोड का मैटर





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग क्षेत्र की समस्याओं को लेकर, उनके समाधान को लेकर सक्रिय रहते हैं। उनके पास भले ही दिल्ली चुनाव का प्रभार हो, राष्ट्रीय टीम में जिम्मेदारी हो। लेकिन वो अपनी लोकसभा में हमेशा एक्टिव रहते हैं। लोनी के सहारनपुर हाई-वे से लेकर सिकन्दरपुर के एयरपोर्ट तक उनकी निगाह रहती है और वो समाधान के लिए काम करते हैं। वो लोकसभा सांसद हैं और उनका कार्य क्षेत्र भी लाईन पार से लेकर पूरे नदिया पार क्षेत्र का आता है। एक बार फिर वो नदिया पार की समस्याओं को लेकर एक्टिव हैं। उन्होंने पहले गरिमा गार्डन के फुटओवर ब्रिज को लेकर जीडीए से जानकारी मांगी थी। सांसद की पहल के बाद अब फुट ओवर ब्रिज का मैटर सुलझा है। जीडीए सचिव ने सांसद अतुल गर्ग को अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है और ये पत्र गरिमा गार्डन को 150फुटा रोड के साथ पैदल फुट ओवर ब्रिज से जोड़ने के सम्बन्ध में हैं। अतुल गर्ग ने जीडीए सचिव को पत्र लिखा और उन्हें याद दिलाया कि पार्षद ओमवती देवी के द्वारा पिछले वर्ष 23 अक्टूबर को एक पत्र लिखा गया था। वार्ड 78 की पार्षद ओमवती देवी ने अपने पत्र में ये उल्लेख किया था कि गरिमा गार्डन से 150 फुटा रोड पर आने वाले पैदल यात्रियों के साथ आये दिन कुछ ना कुछ दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। इस मार्ग पर पैदल ऊपरगामी सेतू का निर्माण कराये जाने का उल्लेख किया गया है। जीडीए सचिव ने लोकसभा सांसद को लिखे पत्र में कहा कि इस सम्बन्ध में यह अवगत कराना है कि फुटओवर ब्रिज का व्ययानुमान तैयार किया गया है। इसे अवस्थापना निधि की बैठक में स्वीकृति हेतु रखा जायेगा। जीडीए सचिव ने लोकसभा सांसद को यह अवगत कराने के बाद यह भी बताया कि अवस्थापना निधि की बैठक में जब इस कार्य की स्वीकृति हो जायेगी तो नियमानुसार निविदा आमंत्रित कर कार्य कराया जायेगा।



## अगर आ गया सुपर पॉवर सेंटर का महानगर अध्यक्ष वाला फेस

### तब क्या करेंगे हैवीवेट कृपा से मंडल अध्यक्ष बने सुपर 10 फेस



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष की घोषणा होनी बाकी है और चर्चा इस पार वालों से लेकर उस पार वालों में शुरू हो गई है। चर्चा यही है कि अब पॉवर सेंटर दो स्थानों पर है और सबके अपने अपने फीडर है, सबके अपने अपने लीडर हैं। आर-पार का ऐलान खामोश जुबान से हो ही गई है। बताया जाता है कि नदिया पार में भाजपा के 10 में से 10 मंडल अध्यक्ष हैवीवेट पॉवर से करंट लेकर आये। संगठन की राजनीति में मंडल अध्यक्षों का एक बड़ा रोल रहता है। इन्हें धुरी भी माना जाता है और कड़ी भी माना जाता है। अब जब अध्यक्ष का नाम फाईनल होना है तो यहां चर्चा इस बात को लेकर शुरू हो गई है कि अगर पॉवर सेंटर के दूसरे खेमे के महानगर अध्यक्ष आ गया तो फिर इन सुपर 10 मंडल अध्यक्षों का क्या होगा। क्योंकि मंडल अध्यक्ष और पार्षद अपने आप में एक बड़ी कड़ी होते हैं। यदि एक खेमा मजबूत होता है तो फिर पूरा चैनल मजबूत होता है। इस दृष्टिकोण से जो मंडल अध्यक्ष हैवीवेट पॉवर सेंटर से आयें हैं उन पर चर्चा हो रही है। भाजपा वाले ही कह रहे हैं कि पिक्चर अभी बाकी है। चर्चा यही है कि अगर महानगर अध्यक्ष हैवीवेट पॉवर सेंटर की बजाय सुपर पॉवर सेंटर से आ गया तो फिर यहां हैवीवेट कृपा वाले मंडल फीडरों के फ्यूज उड़ जायेंगे। महानगर अध्यक्ष के पास भी ताकत होती है और जब उसे सुपर पॉवर सेंटर से करंट मिलेगा तो यहां वोल्टेज बढ जायेंगे और फिर इस वाले खेमे का पलडा भारी हो जायेगा। क्योंकि भाजपा में पहले भी हुआ है और इस बार भी इस बात की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि अगर महानगर अध्यक्ष इस पार वाला हुआ तो फिर वो एक वैकल्पिक व्यवस्था लाकर यूज खत्म कर सकता है, करंट का फ्यूज उड़ा सकता है। क्योंकि पहले भी ऐसा हुआ है कि जब मंडल अध्यक्षों के रहते हुए मंडल संयोजक नियुक्त किये गये थे और मंडल वाले पॉवर मांडला संयोजकों को शिफ्ट कर दी गई थी।




तस्वीर का एक पहलू ये भी है कि महानगर अध्यक्ष को यह ताकत होती है कि वह किसी आयाम का प्रभारी अपने किसी कार्यकर्ता को बना सकता है और ये वो अस्त्र है जिसके सहारे महानगर अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष को रण में पैदल कर सकता है। महानगर अध्यक्ष के पास वैसे भी अपनी पसंद के चेहरे को पॉवर देने के 10 तरीके हैं और नापसंद वाले चेहरे का पैदल करने के भी 10 तरीके हैं। अब पूरा दारोमदार इस पर टिका है कि अगर पॉवर सेंटर वाला महानगर अध्यक्ष आ गया तो फिर सीन क्या होगा।

## लोनी हादसे पर समाजवादी पार्टी ने उठाई आवाज

# अखिलेश यादव से लेकर सीएम योगी तक लगाई मदद की गुहार

### सपा महानगर और जिलाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी के कंचन पार्क इलाके में भीषण अग्निकांड में जान गंवाने वाले एक ही परिवार के चार लोगों की मौत के मामले में समाजवादी पार्टी मदद के लिए आगे आई है।

समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट और समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने समाजवादी पार्टी प्रतिनिधि मंडल के साथ लोनी कंचन पार्क इलाके का दौरा किया। यहां पीड़ित परिवार से मुलाकात की। साथ ही फैजल हुसैन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखकर पीड़ित परिवार के लिए मदद की गुहार भी लगाई है। साथ ही उन्होंने कहा है कि पीड़ित परिवार के साथ उनकी सांत्वना है और सरकार को चाहिए कि कम से कम मृतक परिजनों के परिवार को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए। साथ ही इस हादसे की जांच भी होनी चाहिए।





### यूपी सरकार को देना चाहिए मृतकों के परिवार को मुआवजा

**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने जहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को इस मामले में मृतक परिवार के लिए सहायता दिलाने की मांग की है। तो वहीं फैजल हुसैन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मृतक परिवार को पांच-पांच लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की है। जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने लोनी कंचन पार्क स्थित तीन मंजिला मकान में भीषण आग लगने के बाद चार लोगों की एक ही परिवार के मौत हुई थी। मृतको में गुलबहार पत्नी शाहनवाज उम्र 32 साल, जान पुत्र शाहनवाज उम्र 9 साल, शान और जीशान 7 वर्ष में 9 वर्ष की मृत्यु हो गई थी, साथ ही इसी परिवार के चार लोग गंभीर रूप से झुलस भी गए थे। जिनका कई दिनों तक जीटीबी अस्पताल दिल्ली में उपचार चला था।

### इन सपाईयों ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात

**करंट क्राइम :** मंगलवार को समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोनी के कंचन पार्क इलाके में पीड़ित परिवार से मुलाकात की। जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, लोनी विधानसभा अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा राज देवी चौधरी, जिला उपाध्यक्ष प्रवेश बसोया, जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड इरफान अमानत चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड अनीस अली, नगर अध्यक्ष लोन हंसिउद्दीन इदरीसी, रवि शंकर वाल्मीकि, उम्मेद पहलवान, जिला सचिव आशा सचदेवा, यकीन अली पार्षद, अशफाक अली, हरेंद्र बौद्ध सिराज, सैफी कमरुद्दीन, इरशाद प्रधान ,अमन अली, समीर खान सहित अन्य सपा नेता मौजूद रहे।

## संपादकीय

# दावोस में भारतीय राज्य

घरेलू निजी निवेश की कमजोरी और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में धीमी गति से हो रही वृद्धि के बीच केंद्र और राज्य सरकारों ने दावोस के स्विस स्की रिजॉर्ट में आयोजित हो रही विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में कामयाबी का हरसंभव प्रयास आरंभ कर दिया है। वहां हमारे देश के दो पविलियन होंगे। एक केंद्र सरकार के लिए और दूसरा छह राज्यों के प्रतिनिधियों के लिए जिनमें तीन मुख्यमंत्री शामिल हैं। केंद्र का प्रतिनिधित्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कर रहे हैं जिनके पास रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा सूचना प्रौद्योगिकी जैसे अहम मंत्रालय हैं। उनका कहना है कि उनकी योजना देश के समावेशी वृद्धि के एजेंडे को प्रचारित करने की है। दावोस में अपना प्रतिनिधिमंडल भेजने वाले राज्य हैं महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और उत्तर प्रदेश। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी वहां विदेशी निवेशकों को अपने-अपने प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करने का प्रयास करने वाले हैं। इसमें कोई शक नहीं कि दावोस भारत के लिए बहुत मायने रखता है। उदाहरण के लिए आंध्र प्रदेश वहां 15 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। नायडू वहां 19 बैठकों में शामिल होंगे और प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री 50 बैठकों में शामिल होंगे। लगभग सभी राज्यों ने अपनी-अपनी पहलों की ब्रांडिंग की है। उदाहरण के लिए बुलिशऑन टीएन, ह्यतेलंगाना राइजिंग 2050ह्न आदि। यह बताता है कि मिशन कितना सक्रिय है और इस मान्यता की भी अपनी सीमाएं हैं कि केंद्र और राज्य सरकारों को रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा आर्थिक गतिविधियों को निरंतरता प्रदान करने के लिए भारी काम करना पड़ता है। परंतु इन प्रयासों की उपयोगिता पर भी सवाल उठते हैं क्योंकि इनमें राज्यों के पदाधिकारियों को बहुत अधिक समय तथा धन व्यय करना होता है। निस्संदेह दावोस को उन अवसरों के लिए जाना जाता है जो वहां परदे के पीछे उत्पन्न होते हैं। इसलिए संभव है कि भारतीय अधिकारियों के ये प्रयास उपयोगी नतीजे निकालने वाले हों। परंतु अन्य मुख्यमंत्रियों द्वारा इससे पहले के सालों में वहां की यात्रा बहुत अधिक सफल नहीं रही। ऐसा इसलिए हुआ कि भारत को वहां अपेक्षित तरजीह नहीं मिलती। इस वर्ष जबकि चीन की अर्थव्यवस्था में धीमापन आ रहा है, हालात बदल सकते हैं। उदाहरण के लिए नायडू के बारे में खबर है कि वह वहां दो राष्ट्र प्रमुखों से मुलाकात करने वाले हैं, हालांकि उन नेताओं की पहचान अभी सामने नहीं आई है। इसके साथ ही जिन विदेशी निवेशकों से संपर्क किया जा रहा है वे उचित ही यह पूछ सकते हैं कि आखिर घरेलू निवेशक अपने ही देश में निवेश करने से क्यों हिचकिचा रहे हैं। इसके बजाय दूसरे देशों में हो रहा भारतीयों का निवेश लगातार बढ़ रहा है। इसके अलावा इनमें से हर राज्य, हर वर्ष निवेशक सम्मेलन आयोजित करता है जहां देश भर से निवेश प्रस्ताव आते हैं। वह निवेश शायद ही कभी जमीनी परियोजनाओं में फलीभूत होता हो।

# 2030 तक कृषि निर्यात का 100 बिलियन डॉलर का लक्ष्य किया जा सकता है हासिल : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों ने कहा कि 2030 तक कृषि निर्यात में 100 बिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसके लिए स्पष्ट और साहसिक कदम उठाना होगा। यह बात विशेषज्ञों ने कही है। विशेषज्ञों ने हाल ही में इंफ्राविजन फाउंडेशन की पहल, सेंटर फॉर एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर रिसर्च एंड एक्शन (सीएआईआरए) द्वारा दिल्ली में आयोजित इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव करके भारत के कृषि निर्यात को बढ़ावा देने पर एक गोलमेज सम्मेलन में ये बातें कही।




कई प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के नेताओं ने गोलमेज सम्मेलन को संबोधित किया। इनमें खाद्य प्रसंस्करण सचिव सुब्रत गुप्ता, विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष सारंगी, एसएटीएस इंडिया के कंट्री चेयरमैन सिराज चौधरी, एपीडा के चेयरमैन अभिषेक देव और पूर्व केंद्रीय कृषि सचिव सिराज हुसैन शामिल थे। वक्ताओं ने सुझाव दिया कि मौजूदा कृषि अवसंरचना में सुधार की आवश्यकता है, ताकि बड़े पैमाने पर लचीली कृषि पद्धतियों को अपनाया जा सके और भारत के निर्यात को वैश्विक बाजार की बदलती आवश्यकताओं के साथ जोड़ा जा सके।

खाद्य सुरक्षा पर केंद्रित उत्पादक-केंद्रित दृष्टिकोण से मांग पर केंद्रित ग्राहक-उन्मुख नीति में परिवर्तन, कृषि निर्यात के लिए अनिवार्य है। विशेषज्ञों ने कहा कि इसके लिए एक स्थिर और सुसंगत नीतिगत माहौल और एक एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो निर्यात के लिए लक्षित वस्तुओं और उत्पादन की मात्रा को प्राप्तकर्ता देशों और बाजारों की प्राथमिकताओं और मांगों से मेल खाता हो। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 18.2 प्रतिशत है और 42 प्रतिशत से अधिक आबादी को आजीविका प्रदान करती है, जिससे यह देश की अर्थव्यवस्था की आधारशिला बन जाती है। कृषि वस्तुओं का दुनिया का 8वां सबसे बड़ा निर्यातक होने के बावजूद, भारतीय किसान अवसंरचना और बाजार पहुंच में अंतराल और कमी के कारण कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। जबकि भारत निर्यात की कुछ श्रेणियों में बाजार में अग्रणी है। विशेषज्ञों ने कृषि और समुद्री निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का आह्वान किया। इसके लिए मंत्रालयों में एकीकृत दृष्टिकोण, स्थिर निर्यात नीति वातावरण, कोल्ड चेन, भंडारण और रसद बुनियादी ढांचे का उन्नयन और भूमि के बड़े समूहों में खेती के बीच संतुलन की आवश्यकता है।

इस कार्यक्रम में सीएआईआरए के पहले पृष्ठभूमि पत्र की प्रस्तुति भी हुई। इसमें भारत में उत्पन्न वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का समर्थन करने के लिए बुनियादी ढांचे में बदलाव की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। इस पत्र में बंदरगाहों के आधुनिकीकरण, कोल्ड चेन नेटवर्क को बढ़ाने और कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला पारदर्शिता में सुधार करने के लिए ब्लॉकचेन और आईओटी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए कार्रवाई योग्य सिफारिशें दी गईं।

# भारत में कारोबारी डील की संख्या 2024 में 33 प्रतिशत बढ़ी: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में कारोबारी डील गतिविधियों में 2024 में सालाना आधार पर बड़ा इजाफा देखने को मिला है। पिछले साल 116 अरब डॉलर की 2186 डील हुई हैं। सालाना आधार पर डील की संख्या में 33 प्रतिशत और वैल्यू में 76 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। ग्रांट थॉर्नटन भारत 'वार्षिक डीलट्रैकर 2024' के मुताबिक, भारत जी20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। मजबूत घरेलू मांग के चलते देश की जीडीपी 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। इसके कारण देश में कारोबारी डील गतिविधियां उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। यह वैश्विक अनिश्चितता के बीच अर्थव्यवस्था की मजबूत को दिखाती है। ग्रांट थॉर्नटन भारत में ग्रोथ पार्टनर, शांति विजेता ने कहा, हम 2025 में सरकारी सुधारों, स्थिर अर्थव्यवस्था और संपन्न टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम के कारण निरंतर मजबूत डील गतिविधि की संभावनाओं के बारे में आशावादी हैं, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत को निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाते हैं। विलय और अधिग्रहण के लिए भी यह साल काफी बेहतर रहा है। 2024 में कुल 44.1 अरब डॉलर की 683 विलय और अधिग्रहण डील हुई है। इस दौरान सालाना आधार पर डील की संख्या में 37 प्रतिशत और वैल्यू में 75 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। घरेलू कंसोलिडेशन के कारण भी विलय और अधिग्रहण को बढ़ावा मिला है। इस तरह की 23.5 अरब डॉलर की 479 डील हुई हैं। इनकी वैल्यू में सालाना आधार पर 64 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इनका नेतृत्व अदाणी ग्रुप, आदित्य बिड़ला समूह और नजारा टेक्नोलॉजीज जैसे कारोबारी समूहों ने किया। रिपोर्ट में कहा गया कि आउटबाउंड विलय और अधिग्रहण में 121 डील हुई हैं और इनकी वैल्यू 16.9 अरब डॉलर रही। इसमें दो बिलियन डॉलर डील थी। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में हाई-वैल्यू डील (100 मिलियन डॉलर से अधिक) में 26 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।



# दुनिया की कुल खपत में 2050 तक 16 प्रतिशत हो सकती है भारत की हिस्सेदारी: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दुनिया की कुल खपत में भारत की हिस्सेदारी 2050 तक बढ़कर 16 प्रतिशत हो सकती है, जो कि 2023 में 9 प्रतिशत थी। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट में बताया गया कि 2050 तक 17 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ केवल उत्तरी अमेरिका ही भारत से आगे होगा। यह अनुमान क्रय शक्ति समता के आधार पर लगाया गया है, जो देशों के बीच मूल्य अंतर को बराबर करता है। दुनिया की कुल खपत में भारत की हिस्सेदारी बढ़ने की वजह यहां अधिक युवा आबादी होना है। रिसर्च में बताया गया कि डेमोग्राफिक शिफ्ट के कारण फर्स्ट-वेव रीजन में प्रजनन दर में गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप जनसंख्या वृद्ध हो रही है। 2050 तक केवल 26 प्रतिशत ही वैश्विक आबादी इन इलाकों में रहेगी, जो कि 1997 में 42 प्रतिशत से अधिक थी। आगे कहा गया कि लेटर-वेव रीजन, जिसमें भारत लैटिन अमेरिका, पश्चिम एशिया और अफ्रीका आते हैं। इन देशों की वैश्विक खपत में हिस्सेदारी आधे से अधिक होगी।



इसकी वजह युवा आबादी और आय का बढ़ना है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि विश्व जनसंख्या में भारत की हिस्सेदारी 2023 में 23 प्रतिशत थी, जो कि 2050 तक घटकर 17 प्रतिशत रह जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि डेमोग्राफिक डिविडेंड ने 1997 से 2023 के बीच भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) प्रति व्यक्ति वृद्धि में औसतन 0.7 प्रतिशत की वृद्धि की है। डेमोग्राफिक डिविडेंड कुल आबादी की तुलना में कार्यशील आबादी में वृद्धि के परिणामस्वरूप प्रति व्यक्ति जीडीपी वृद्धि है। कार्यबल में अधिक महिलाओं को लाने से बहुत बड़ा अंतर आ सकता है। रिसर्च में कहा गया है कि यदि भारत अपनी महिला श्रम शक्ति में 10 प्रतिशत अंकों की वृद्धि करता है, तो इससे प्रति व्यक्ति जीडीपी में 4-5 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

# शेयर बाजार हुआ धड़ाम, सेंसेक्स 1,235 अंक गिरा

# निवेशकों के डूबे 7 लाख करोड़ रुपये

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 1,235 अंक या 1.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,838 पर और निफ्टी 320 अंक या 1.37 प्रतिशत की गिरकर 23,024 पर बंद हुआ। जून 2024 के बाद यह पहला मौका है, जब निफ्टी 23,000 के स्तरों के करीब बंद हुआ है। गिरावट के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियां का मार्केटकैप करीब 7 लाख करोड़ रुपये गिरकर 424 लाख करोड़ रह गया है, जो कि सोमवार को 431 लाख करोड़ था। बाजार के गिरने की वजह अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ट्रेड टैरिफ लगाए जाने की संभावना को भी माना जा रहा है। जानकारों का कहना है कि ट्रंप 2.0 में आर्थिक निर्णयों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। हालांकि, कनाडा और मैक्सिको पर संभावित 25 प्रतिशत टैरिफ के संकेत से पता चलता है कि टैरिफ वृद्धि नीति को धीरे-धीरे लागू किया जाएगा।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बड़ी बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,271 अंक या 2.31 प्रतिशत गिरकर 53,834 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 408 अंक या 2.28 प्रतिशत गिरकर 17,456 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। गिरावट का सबसे ज्यादा असर ऑटो, आईटी, पीएसयू, फार्मा, रियल्टी, एनर्जी, मीडिया और इन्फ्रा इंडेक्स देखा गया। व्यापक बाजार का रुझान भी नकारात्मक था।



बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,202 शेयर हरे निशान में, 2,774 शेयर लाल निशान में और 112 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए।

सेंसेक्स के 30 में से 28 शेयर लाल निशान में बंद हुए। जोमैटो, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक टॉप लूजर्स थे। केवल अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक ही हरे निशान में बंद हुए थे। पीएल कैपिटल- प्रभुदास लीलाधर में मुख्य एडवाइजर विक्रम कासत का कहना है कि बाजार का सेंटीमेंट खराब होने की वजह तीसरी तिमाही के कमजोर नतीजे होना है। वहीं, 20 जनवरी तक विदेशी संस्थागत निवेशक द्वारा 48,023 करोड़ रुपये की बिकवाली से भी बाजार पर दबाव बढ़ा रहे। आगे कहा कि ट्रंप द्वारा आसपास के देशों पर ट्रेड टैरिफ लागने के ऐलान से भी बाजार की चिंताएं बढ़ी है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- अमेरिका में सबसे पुरानी अंगूर की बेल उत्तरी केरोलिना में एक 400 वर्षीय स्कूपरनॉन्ग बेल है।
- अंगूर की बेल छोटे फूल पैदा करती है जो कि गुच्छों में लगे होते हैं, फूलों में पुरुष (पुंकेसर) और मादा (पिस्टिल) प्रजनन अंग होते हैं और वे आत्म-परागण के लिए सक्षम होते हैं।
- क्या आप जानते हैं? सूखे अंगूर (किशमिश) में केवल 15% पानी होता है।
- अंगूर में लगभग 80% पानी होता हैं, जो उन्हें कम कैलोरी वाला भोजन बनता है।
- स्पेन में एक परंपरा है जिसमें 31 दिसंबर की आधी रात को चर्च की हर घंटी के बजने के साथ एक अंगूर खाया जाता है।
- अंगूर से शराब का उत्पादन 5000 ईसा पूर्व में शुरू किया गया था।
- क्या आप जानते हैं? अस्थमा, अपच, माइग्रेन, किडनी रोग और थकान का इलाज करने के लिए अंगूर का उपयोग किया जाता है।
- अंगूर विटामिन सी और के और बी समूह के विटामिन का समृद्ध स्रोत है। अंगूर कैल्शियम, फास्फोरस, पोटेशियम और मैग्नीशियम का भी उत्कृष्ट स्रोत हैं।

## राशिफल

**मेष:** अपने पार्टनर को वैसे ही स्वीकार करें जैसे वह है, उसे बदलें नहीं। जबर्दस्ती कुछ करने से संबंध खराब होंगे।

**वृष:** किसी बात को लेकर पार्टनर पर शक की स्थिति बनेगी। अपने पार्टनर को छोड़कर आप किसी और की तरफ आकर्षित होंगे।

**मिथुन:** मन प्रसन्न रहेगा। मूड रोमांटिक रहेगा और पार्टनर के और करीब आने का मन करेगा। लव कपल शाम तक रोमांटिक डेट पर जा सकते हैं।

**कर्क:** अगर आपका किसी विवाहित व्यक्ति या महिला से अफेयर चल रहा है तो सावधान हो जाइए इस रिश्ते को खत्म कर देना ही बेहतर होगा।

**सिंह:** शादीशुदा जोड़ों के बीच अनबन रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें बात को आगे न बढ़ाएं। छोटे-छोटे मतभेदों को ज्यादा महत्व न दें, नहीं तो रिश्ते खराब हो जाएंगे।

**कन्या:** आज का दिन लव कपल्स के लिए अच्छा है। सिंगल आज किसी के प्रति आकर्षित होंगे। नए रिश्ते की शुरूआत करने के लिए आज का दिन अच्छा है।

**तुला:** आज आप अपने पार्टनर से ज्यादा दोस्तों के साथ समय बिताएंगे। दिन यादगार रहेगा। कुछ दिनों के लिए रिश्ते से ब्रेक लेकर अपनी लाइफ में जीने की सोचेंगे।

**वृश्चिक:** यदि आप किसी नए रिश्ते की शुरूआत करने जा रहे हैं तो यह आपके लिए अनुकूल है। आप लंबे समय तक एक-दूसरे के साथ रहेंगे।

**धनु:** छोटी-मोटी अनबन की वजह से रिश्तों पर ब्रेक न लगाएं और न ही नए रिश्ते बनाने के बारे में सोचें। अगर रिश्तों को महत्व देते हैं, तो ही प्यार मिलेगा।

**मकर:** लव कपल्स के लिए दिन सामान्य रहेगा। रिश्तों की कड़वाहट को दूर करें और कुछ पल साथ बिताएं।

**कुंभ:** यदि किसी से विवाह की बात कर रहे हैं तो दिन शुभ है। आज अगर आप अपने परिजनों से अपने रिश्ते की चर्चा करते हैं तो शुभ परिणाम मिलने के संकेत हैं।

**मीन:** प्रेम संबंधों के लिए अच्छा दिन है। कपल्स के बीच लंबे समय से चली आ रही अनबन आज सुलझ जाएगी। संबंधों में सुधार होगा।

## चुटकुले

चिंटू दर्जी के पास गया और उससे पूछा- पैंट की सिलाई कितनी है?
दर्जी - 300 रुपए...
चिंटू - और निक्कर की...?
दर्जी - 100 रुपए...
चिंटू (कुछ देर सोचकर) - तो फिर निक्कर ही सिल दो, बस लंबाई पैरों तक कर देना...

---

बेटा पढ़ाई कैसी चल रही है
बंस अंकल, चलते-चलते बहुत दूर चली गई मुझसे।

---

किडनैपर: अगर आज रात तक तुमने हमें 10 लाख रुपए नहीं दिए,
तो हम तुम्हारी पत्नी को वापस छोड़ जाएंगे!
आदमी- अरे ये बता आना कहां है पैसे लेकर, डराता क्यों है?




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में, आयुष और तान्या मुख्य दौर में पहुंचे



**सात्विक और चिराग की विश्व की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के रेमंड इनरा और पात्रा हरपन रिंडोरिंडो की जोड़ी और थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।**

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को चीनी ताइपे के चेन झी रे और लिन यू चीह की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी ने अपने शुरूआती मैच में विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद चेन और लिन की जोड़ी को 21-16 21-15 से हराया। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी पिछले दो सप्ताह में दो सेमीफाइनल (मलयेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750) खेल चुकी है। विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने ओरनिचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकित्ता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 21-6 21-14 से हराया। सात्विक और चिराग की विश्व की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के रेमंड इनरा और पात्रा हरपन रिंडोरिंडो की जोड़ी और थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली अश्विनी और तनीषा की जोड़ी का अगला मुकाबला मलेशिया की पेईं की गो और मेई जिंग तेओह से होगा। पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स के उपविजेता आयुष शेट्टी ने क्वालीफाइंग चरण में हमवतन किदांबी श्रीकांत को 21-7, 21-15 से हराया, जबकि तान्या हेमंत ने महिला एकल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को कड़े संघर्ष में 16-21, 21-17, 21-15 से मात दी। विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता आयुष का मुख्य ड्रॉ में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के शी यू क्यूई से मुकाबला होगा, जबकि तान्या के सामने थाईलैंड की पूर्व विश्व चैंपियन रत्चानोक इंतानोन की चुनौती होगी।

# मंधाना एक स्थान के सुधार के साथ आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंची



**दक्षिण अफ्रीका की दिग्गज मारिजेन कैप को हटाकर ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर इस तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है।**

**दुबई।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। बायें हाथ की यह सलामी बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय है। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 135 रन बनाने से पहले शुरूआती दो, मैचों में 41 और 73 रन की उपयोगी पारियां खेली थी। इस 28 साल की खिलाड़ी के नाम 738 रेटिंग अंक है।

रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वाड्र्ट (773 अंक) शीर्ष पर हैं। श्रीलंका की दिग्गज खिलाड़ी चमारी अटापट्टू (733) तीसरे स्थान पर हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में अपना पहला शतक लगाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स दो स्थान की सुधार के साथ 17वें स्थान पर हैं जबकि चोट के कारण इस श्रृंखला से बाहर रही कप्तान हरमनप्रीत कौर 15वें स्थान पर हैं। दीप्ति शर्मा 344 रेटिंग अंकों के साथ हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में छठे स्थान पर हैं।

दक्षिण अफ्रीका की दिग्गज मारिजेन कैप को हटाकर ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर इस तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। गार्डनर ने एशेज श्रृंखला के वनडे मैचों में चार विकेट चटकाने के साथ 146 रन भी बनाये। गार्डनर करियर के सर्वश्रेष्ठ 469 रेटिंग अंक लेकर कैप से 25 रेटिंग अंक आगे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ होबार्ट में 102 रन की पारी के बाद वह बल्लेबाजों की सूची में भी करियर के सर्वश्रेष्ठ 648 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रही। गेंदबाजी की रैंकिंग में इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर है। दीप्ति 680 रेटिंग अंक लेकर पांचवें से चौथे पायदान पर पहुंच गयी है।

# वैष्णवी महिला अंडर-19 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय

## मलेशिया पर भारत की जीत



**नई दिल्ली।** भारत की वैष्णवी शर्मा ने इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है और वह महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गई हैं। वैष्णवी ने मलेशिया के खिलाफ ग्रुप ए मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और चार ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट लिए जिसमें एक मेडन ओवर भी शामिल है। वैष्णवी के दमदार प्रदर्शन से भारत ने मलेशिया को 10 विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। भारत की इस टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले टीम ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराया था।

### मलेशिया का कोई बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंचा

भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर मलेशिया को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया, लेकिन वैष्णवी ने अपनी दमदार गेंदबाजी से मलेशिया की पारी 14.3 ओवर में 31 रन पर ढेर कर दी। मलेशिया के लिए कोई भी दहाई अंक तक नहीं पहुंच सका और विकेटकीपर बल्लेबाज नूर आलिया हायरुन और हुसना पांच-पांच रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। भारत के लिए वैष्णवी के अलावा आयुषी शुक्ला ने तीन विकेट और जोशिथा वीजे ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने महज 2.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 32 रन बनाकर मैच जीत लिया। भारत की ओर से सलामी बल्लेबाज गोंगादी त्रीसा 27 रन और जी कामलिनी चार रन बनाकर नाबाद रहीं।

### वैष्णवी ने टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया

भारत के लिए 14वां ओवर डालने आईं वैष्णवी ने दूसरी गेंद पर नूर एन बिंती रोसलान (3) को एलबीडब्ल्यू आउट किया। फिर अगली गेंद पर नूर इस्मा दानिया (0) को एलबीडब्ल्यू आउट कर पवेलियन भेजा। इसके बाद ओवर की चौथी गेंद पर सिती नाजवाह (0) को बोल्ड कर हैट्रिक पूरी की। वैष्णवी इसके साथ ही भारत की पहली और महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाली ओवरऑल तीसरी गेंदबाज बन गईं। उनका गेंदबाजी प्रदर्शन इस टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# प्रज्ञानंद ने हमवतन हरिकृष्णा को हराया, गुकेश और अर्जुन एरिगेसी ने दूसरे दौर के मुकाबले ड्रॉ खेले



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने हमवतन पी हरिकृष्णा को हराया, जबकि अर्जुन एरिगेसी को टाटा स्टील शतरंज टूनार्मेंट के दूसरे दौरे में ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा। इससे पहले हाल ही में खेल रत्न से सम्मानित होने वाले विश्व चैंपियन गुकेश ने रूसी मूल के ब्लादीमिर फेडोसीव से ड्रॉ खेला था, जबकि लियोन ल्यूक मेंडोसा को उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने हराया।

19 वर्ष के प्रज्ञानंद ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी। वहीं हरिकृष्णा टुकड़ों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद लय कायम नहीं रख सके। एरिगेसी ने पहले दौर में गुकेश को हराने के करीब पहुंचे स्थानीय खिलाड़ी अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। फेबियानो कारूआना ने नीदरलेंड के जोर्डन वान फोरीस्ट को मात दी। चैलेंजर वर्ग में आर वैशाली ने चीन की 14 वर्ष की मियाओइ लू से अंक बांटे। दिव्या देशमुख ने चेक गणराज्य की शीर्ष वरीयता प्राप्त एंगुयेन थाइ वान डैम से ड्रॉ खेला।

# इन खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका, इंग्लैंड के खिलाफ कैसी होगी भारत की प्लेइंग इलेवन



**नई दिल्ली।** 22 जनवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज का आगाज होने जा रहा है। दोनों टीमों के बीच पहला मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं इंग्लैंड ने इस मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है जबकि टीम इंडिया मुकाबले से पहले ही अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान करेगी। लेकिन उससे पहले बड़ा सवाल ये है कि किस खिलाड़ी को प्लेइंग इलेवन में मौका मिलेगा और किसे बाहर बैठना पड़ेगा। बीसीसीआई की सेलेक्शन कमेटी ने इस सीरीज के लिए 15 सदस्दीय टीम का ऐलान किया है लेकिन मौका केवल 11 को ही मिलेगा।

इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में सूर्युकमार यादव एक बार फिर से कप्तानी करते हुए दिखेंगे। सीरीज के ज्यादातर युवाओं को मौका दिया गया है। जहां तक पहले टी20 मैच की प्लेइंग इलेवन में जगह ना पाने वाले खिलाड़ियों की बात है तो इसमें पहला नाम तो ध्रुव जुरेल का ही आता है। वे टीम में दूसरे विकेटकीपर के तौर पर चुने गए हैं। इससे पहले विकेट कीपर तो संजू सैमसन ही होंगे और उनका खेलना पक्का है।

वहीं सीरीज के दो सलामी बल्लेबाज चुने गए हैं इसमें पहला नाम संजू सैमसन का है और दूसरा अभिषेक शर्मा हैं। तीसरा कोई विकल्प है ही नहीं। संजू सैमसन खेलेंगे तो कीपिंग की जिम्मेदारी भी वही निभाते हुए दिखेंगे। ऐसे में बतौर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल खेलेंगे, इसकी संभावना काफी कम है। वहीं अगर प्लेइंग इलेवन में जगह ना पाने वाले दूसरे खिलाड़ी की बात करें तो हर्षित राणा हो सकते हैं।

वहीं टीम इंडिया दो गेंदबाजों के साथ उतर सकती है। इसमें मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह के नाम सबसे पहले आते हैं। जहां एक ओर शमी की लंबे लंबे समय बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी हो रही है। वहीं अर्शदीप सिंह भी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुने गए हैं, ऐसे में उन्हें अपनी रिदम पाने का बेहतर मौका होगा। तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका हार्दिक पंड्या निभा सकते हैं इसका मतलब है कि हर्षित राणा के लिए मौका नहीं बन पा रहा है।

वहीं इसके अलावा दो और खिलाड़ी जो इस मैच की प्लेइंग इलेवन से बाहर रह सकते हैं, वे रवि बिश्नोई और वॉशिंगटन सुंदर हो सकते हैं। जहां तक टीम की प्लेइंग इलेवन की बात करें तो पूरी संभावना है कि स्पिनर के तौर पर पहली च्वाइस अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती होंगे। अक्षर पटेल तो इस सीरीज के लिए उपकप्तान चुने गए हैं तो उनका खेलना तो पक्का है। वहीं वरुण चक्रवर्ती ने पिछले कुछ वक्त में कमाल का खेल दिखाया है। इसलिए उनका भी खेलना तय सा लग रहा है।

# सूर्यकुमार ने बोली बंगाली, पूछा अर्शदीप सिंह का हाल कप्तानी और ईडेन गार्डेंस में खेलने पर रखी राय



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए पूरी तरह तैयार है। दोनों टीमों के बीच कल पहला टी20 मैच खेला जाएगा। भारतीय टीम इस सीरीज के लिए शनिवार को ही कोलकाता पहुंच गई थी जहां टीम को तीन दिन तक ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लेना था। भारतीय टीम की कमान सूर्यकुमार यादव संभालेंगे जिनका ईडेन गार्डेंस से पुराना नाता है क्योंकि वह लंबे समय तक आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा रहे हैं।

### चार साल तक केकेआर से जुड़े रहे सूर्यकुमार

सूर्यकुमार ने 2012 से अपने आईपीएल करियर की शुरूआत की थी, लेकिन उन्होंने उस सीजन मुंबई इंडियंस के लिए सिर्फ एक ही मैच खेला था। इसके बाद मुंबई ने सूर्यकुमार को रिलीज कर दिया था और 2014 में वह केकेआर के साथ जुड़े। सूर्यकुमार के पहले ही सीजन में केकेआर ने गौतम गंभीर की कप्तानी में आईपीएल का खिताब जीता। सूर्यकुमार चार साल तक केकेआर से जुड़े रहे और 54 मैचों में 608 रन बनाए, लेकिन उनके ज्यादातर स्कोर निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए आए। अब सूर्यकुमार इस मैदान पर भारतीय टीम की कमान संभालते दिखेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच से पूर्व भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सूर्यकुमार का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह टीम की कमान संभालने से लेकर ईडेन गार्डेंस में खेलने के अपने अनुभव पर बात कर रहे हैं। सूर्यकुमार ने वीडियो में कहा, 'मुझे तो लगा था तू बोलेगा केमोन आचो (कैसे हो), जैसे पाजी (अर्शदीप सिंह) को देकर याद आया, पाजी भालो (सही हो)।' इस पर अर्शदीप ने भी कप्तान को बांग्ला में जवाब दिया, 'भालो आची (अच्छा हूं)'। फिर सूर्यकुमार ने कहा कि पाजी भी बांग्ला सीख गए हैं और हमने अच्छी-अच्छी चीजें सीखी हुई हैं।

कोलकाता में वापस खेलने पर सूर्यकुमार ने कहा, जब मैं उस समय आया था तो लोगों ने भर-भरकर मीठा दही खिलाया था। वो मैंने कोलकाता में खाया था और आज भी हम जब यहां आते हैं तो एक बार सोचते हैं कि हल्का सा अपने मील में दही को रख सकें। जब आप यहां आते हैं तो अच्छा लगता है और कोलकाता में अच्छा मौसम भी है। दोनों टीम की तरफ से शानदार खेल भी होगा तो अच्छा है।

सूर्यकुमार ने मजेदार अंदाज में कहा, ऐसा है कि अभी भी युवा ही हूं मैं, दिले से और दिमाग से। मुझे याद है 2014 में जब मैं केकेआर में आया था, तब से आज तक यानी 10-11 बाद यह नहीं सोचा था कि कभी भारतीय टीम की कमान संभालूंगा। अब इस स्टेडियम पर खड़े रहकर यह सोचना कि अब मैं भारत का नेतृत्व करना वाला हूं क्योंकि यह मैदान मेरे लिए ऐतिहासिक है। अच्छा अहसास हो रहा है और मजा आ रहा है सोचकर। यह मेरे लिए शानदार सफर रहा है। जब भी कमरे में बैठकर सोचता हूं कि मैं कोलकाता में 2014 से मैच खेलता था, तो चार वर्षों में मेरे लिए यादगार पल रहे। मैंने काफी कुछ सीखा यहां पर। गौती भाई (गंभीर) थे उस वक्त कप्तान और उनके नेतृत्व में मैं इस मैदान पर खेला हूं। मुझे इस स्थान के बारे में अच्छी तरह पता है और यहां वापस आकर बेहद खुशी हो रही है।

## सिनर ने भीषण गर्मी में खेले गए मैच में रूने को हराया, स्वितोलिना तीसरी बार क्वार्टर फाइनल में

**इटली।** इटली के यानिक सिनर और डेनमार्क के होल्गर रूने दोनों को 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में खेले गए आस्ट्रेलियाई ओपन मैच में मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा और इसके बाद सिनर की दमदार सर्विस पर रॉड लावेर एरिना का नेट निकल जाने से 20 मिनट का विलंब हुआ। आखिर में गत चैम्पियन सिनर ने 13वीं वरीयता प्राप्त रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर गर्मी से निपटने के लिये चेहरे पर ठंडा तौलिया रखते दिखे और कई बार गर्दन पर पानी भी गिराया। तीसरे सेट में दस मिनट से ज्यादा विलंब के बीच वह लॉकर रूम में चिकित्सा सहायता के लिये गए।

## दिग्गज मनीषा मल्होत्रा का बयान

# कहा- टेनिस को बचाना है तो आमूलचूल बदलाव करने होंगे



**नई दिल्ली।** पूर्व ओलंपियन और एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता पूर्व टेनिस खिलाड़ी मनीषा मल्होत्रा ने भारत में टेनिस की मौजूदा स्थिति के लिये इसके प्रशासकों को दोषी ठहराते हुए कहा कि अगर देश में इस खेल को बचाना है तो आमूलचूल बदलाव करने होंगे। पुरुष एकल में सुमित नागल 91वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है।

रोहन बोपन्ना पुरुष युगल में 16वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं लेकिन 44 बरस की उम्र में वह अपने करियर के अंतिम चरण में हैं। महिला एकल में भारत की कोई खिलाड़ी शीर्ष 200 में भी शामिल नहीं है जबकि महिला युगल में भी देश की कोई खिलाड़ी शीर्ष 100 का हिस्सा नहीं है। महेश भूपति के साथ मिलकर 2002 बुसान एशियाई खेलों में मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीतने वाली मनीषा ने देश में टेनिस के गिरते स्तर के लिए खेल का संचालन करने वाले अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया।

इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट की अध्यक्ष मनीषा ने भाषा से विशेष बातचीत के दौरान कहा, वर्तमान में टेनिस की कहानी काफी दुखद है। मैं सोचने लगती हूं कि टेनिस इतना अच्छा खेल था जहां हमारे पास इस खेल की इतनी अच्छी विरासत थी।

# 38वें नेशनल गेम्स से पहले कलारीपयट्टू पर छिड़ा विवाद

## खेल को प्रतियोगिता सूची से हटाने पर खींचतान

**केरल।** आगामी 28 जनवरी से उत्तराखंड में 38वें नेशनल गेम्स का आयोजन होना है। इन राष्ट्रीय खेलों में कई खेलों का आयोजन होगा लेकिन एक खेल या यूं कहें कि केरल का मार्शल आर्ट फॉर्म कलारीपयट्टू विवादों में छा रखा है।

दरअसल, भारतीय कलारीपयट्टू महासंघ ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) पर आयोजन के प्रदर्शन खंड में मार्शल आर्ट को ₹निष्कासित₹ करने का आरोप लगाया है। 2023 में गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के 37वें संस्करण में,कलारीपयट्टू प्रतियोगिता खंड का हिस्सा था। वहीं फेडरेशन ने कहा, इस साल कला को प्रदर्शन के लिए कार्यक्रमों की सूची में शामिल किया गया है, जिससे 18 राज्यों के लगभग 200 कलारीपयट्टू एथलीटों की पदक की उम्मीदें कम हो गई हैं, जो प्रतियोगिता में भाग लेने की योजना बना रहे थे।

वहीं आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने केरल में कहा कि एसोसिएशन दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर एक हफ्ते के भीतर कलारीपयट्टू के भाग्य पर फैसला करेगा। दिल्ली ल्ड्ड ने 15 जनवरी को आदेश दिया था कि, 38वें राष्ट्रीय खेलों में कलारीपयट्टू को प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में बहाल करने के लिए उचित निर्णय लिया जाएगा। अदालत का आदेश कलारीपयट्टू छात्रा हर्षिता यादव द्वारा दायर एक रिट याचिका पर आधारित था।

केरल में आयोजित 35वें राष्ट्रीय खेलों में, कलारी एक प्रदर्शन कार्यक्रम था। यह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण था, जिन्होंने



स्वदेशी कला रूपों को बढ़ावा देने पर जोर दिया, जिसके कारण 37वें खेलों में कलारीपयट्टू को प्रतियोगिता खंड में शामिल किया गया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आईओए ने इस दृष्टिकोण को खत्म कर दिया और कलारीपयट्टू को हाशिये पर धकेल दिया।"

भारतीय कलारीपयट्टू महासंघ के उपाध्यक्ष पीबी सुमेश ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया। फेडरेशन 18 राज्यों में कलारीपयट्टू छात्रों का प्रतिनिधित्व करता है। सुमेश ने कहा, मार्शल आर्ट फॉर्म अंडर-17 खेलो इंडिया गेम्स में तीन बार प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम रहा है। यह निर्णय कि कलारीपयट्टू प्रतियोगिता अनुभाग का हिस्सा नहीं होगा, उस दिन ही पता चला था, जब आईओए ने दिसंबर 2024 में राष्ट्रीय खेलों की खेल सूची सार्वजनिक की थी।

पीटी उषा ने तब कहा था, ₹कलारीपयट्टू, योगासन, मल्लखंभ और राफ्टिंग जैसे प्रदर्शन खेलों का समावेश एथलीटों के लिए नए अवसरों को प्रोत्साहित करते हुए भारत की समृद्ध विरासत का सम्मान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।₹ हालाँकि, इन चार आयोजनों में से, योगासन और मल्लखंभ को बाद में प्रतिस्पर्धी वर्ग में शामिल किया गया था। महासंघ के अनुसार, कलारीपयट्टू को प्रदर्शन अनुभाग में ₹पदावनत₹ कर दिया गया है क्योंकि क्डअ को अपने अभ्यासकताओं को पदक देने में ₹कोई दिलचस्पी नहीं है।

2023 के राष्ट्रीय खेलों में, केरल के कलारीपयट्टू एथलीटों ने 19 स्वर्ण पदक सहित 22 पदक जीते थे। चूंकि कलारीपयट्टू को प्रदर्शन अनुभाग में शामिल किया गया है, इसलिए जो एथलीट इस कार्यक्रम में भाग लेना चाहते हैं, उन्हें अपने संबंधित राज्य सरकारों से यात्रा और किट सहायता भी नहीं मिल सकती है। ₹युवा कलारी एथलीट राज्य से वित्तीय सहायता पर निर्भर हैं क्योंकि दौरे पर उन्हें कम से कम 30,000 रुपये का खर्च आएगा।

# हार्दिक हमारे लीडरशिप ग्रुप का हिस्सा हैं : सूर्यकुमार



**कोलकाता।** भारत और इंग्लैंड के बीच बुधवार को होने वाले पहले टी20 की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सूर्यकुमार यादव ने मजाकिया अंदाज में भविष्यवाणी करते हुए कहा कि वह रिंकू सिंह को तो इस ग्राउंड पर ढेर सारे छक्के मारते हुए देख रहे हैं क्योंकि कोलकाता उनका होम ग्राउंड है और उन्होंने यहां पर काफी मैच खेले हैं। भारत ने रविवार (19 जनवरी) को इंग्लैंड के साथ होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच का अभ्यास शुरू किया था। इस अभ्यास की पहली झलक ही मोहम्मद शमी की गेंदबाजी के साथ शुरू हुई थी, जहां उन्होंने खूब पसीना बहाया था। इसके अलावा अक्षर पटेल को भी इस सीरीज में पहली बार एक अतिरिक्त ज़िम्मेदारी (उप कप्तान) दी गई है। हालांकि हार्दिक पांड्या की मौजूदगी में उन्हें उप-कप्तान बनाए जाने का फैसला थोड़ी चर्चा का भी विषय था। सूर्यकुमार ने पहले टी20 की पूर्व संध्या इन सभी मुद्दों पर खुल कर बात की। इसके अलावा उन्होंने गौतम गंभीर के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, गौती भाई (गौतम गंभीर) के साथ मैंने आईपीएल में चार साल तक एक ही टीम में खेला है।

# अरोड़ा स्टोर के स्वामी विनय अरोड़ा का निधन






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अरोड़ा स्टोर के स्वामी तथा भाजपा नेता मोहित अरोड़ा के पिता विनय अरोड़ा का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही शोक की लहर व्याप्त हो गई। उनका अंतिम संस्कार हिंडन श्मशान घाट मोक्ष स्थल पर किया गया। इस दौरान समाज के गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दो गुटों में खूनी संघर्ष

# लाठी-डंडों से हमले में दोनों पक्षों के 4 लोग घायल, 12 पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के धनोरी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। सोमवार रात को हुई इस घटना में दोनों पक्षों के कुल 4 लोग घायल हुए हैं, जिनका नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक पक्ष के पवन ने बताया कि उनका बेटा और भाई जब किसी काम से बाहर निकले थे, तब विकास, सिद्धार्थ, संदीप, शिवा, रोहित और भूल्लन ने उन पर हमला कर दिया। पहले गाली-गलौच की और विरोध करने पर लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दूसरी तरफ, सुरेंद्र का आरोप है कि विशाल, प्रशांत, विनीत, विकास, पुनीत और एक अन्य विकास ने पुराने विवाद को लेकर उनके परिवार पर हमला किया, जिससे उनके कई परिजन घायल हुए। दनकौर




कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर कुल 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्ट्रेट में नया आधार सेवा केंद्र शुरू

# 18 साल से कम उम्र के बच्चों का बनेगा कार्ड, अपडेट की भी मिलेगी सुविधा



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के कलेक्ट्रेट परिसर में जनता की सुविधा के लिए नया आधार सेवा केंद्र शुरू किया गया है। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र में आम नागरिक अपने आधार कार्ड को अपडेट करा सकेंगे। विशेष रूप से 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए नए आधार कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध होगी। केंद्र में नाबालिग बच्चों के आधार इनरोलमेंट के साथ-साथ डेमोग्राफिक और बायोमैट्रिक अपडेट की सेवाएं भी दी जाएंगी। उद्घाटन समारोह में अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, डिप्टी कलेक्टर इला प्रकाश, सांख्यिकी अधिकारी रविंद्र यादव, जिला प्रबंधक सीएससी जितेंद्र सिंह यादव और अपर सांख्यिकी अधिकारी श्याम कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## ब्रह्मा कुमारी और निस्कॉर्ट मीडिया कॉलेज ने किया

# 'मीडिया स्नेह मिलन और पत्रकारों का अभिनंदन' कार्यक्रम का सफल आयोजन



### ब्रह्मा कुमारी और निस्कॉर्ट मीडिया कॉलेज ने सफल 'मीडिया स्नेह मिलन और पत्रकारों का अभिनंदन' कार्यक्रम किया आयोजित



**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** ब्रह्माकुमारीज ने निस्कॉर्ट मीडिया कॉलेज के सहयोग से 21 जनवरी 2025 को 'मीडिया स्नेह मिलन और पत्रकारों का अभिनंदन' सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख मीडिया पेशेवर, महत्वाकांक्षी पत्रकार और छात्र एक साथ आए। ज्ञानवर्धक चर्चाओं, मान्यता और चिंतन के एक दिन के लिए इस सभा ने समकालीन मीडिया रुझानों, नैतिक पत्रकारिता और डिजिटल मीडिया के परिवर्तनकारी प्रभाव का पता लगाने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य किया।

इसने प्रतिष्ठित पत्रकारों को सच्ची और प्रभावशाली रिपोर्टिंग के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत निस्कॉर्ट मीडिया कॉलेज के निदेशक फादर रोड्रिग्स रॉबिन्सन सिल्वेस्टर और प्रिंसिपल डॉ. रितु दुबे तिवारी की शुरुआती टिप्पणियों के साथ हुई, जिन्होंने सार्वजनिक चर्चा को आकार देने और पत्रकारिता की अखंडता को बनाए रखने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। बी.के. डॉ. सुशांत ने पत्रकारिता के सामाजिक महत्व और सूचित समुदायों को बढ़ावा देने में मीडिया की जिम्मेदारी पर एक विचारोत्तेजक मुख्य भाषण दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ब्रह्माकुमार गणेश द्वारा संचालित पत्रकारों का सम्मान समारोह था। समारोह से पहले, उन्होंने ब्रह्मा कुमारीज के मिशन और सामाजिक कल्याण में उनके योगदान के बारे में प्रेरणादायक अंतर्दृष्टि साझा की।

समाजसेवी, भाजपा नेता तथा पारकिन कम्पनी के अध्यक्ष राजेंद्र त्यागी ने अपने जीवन में आध्यात्मिकता से आये परिवर्तन को साझा किया। बी.के. के नेतृत्व में एक शांत राजयोग अनुभूति ध्यान सत्र राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुनीता ने आधुनिक पत्रकारिता की हलचल भरी माँगों के बीच उपस्थित लोगों को आंतरिक शांति और सचेतनता का अनुभव करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। ब्रह्माकुमारी लवली दीदी ने आध्यात्मिकता एवं विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। आध्यात्मिक जीवन शैली हमें स्वस्थ मन और तन प्रदान करता है। ब्रह्मा कुमारीज और निस्कॉर्ट मीडिया कॉलेज की इस सहयोगी पहल ने नैतिक मीडिया प्रथाओं और आध्यात्मिक सशक्तिकरण के महत्व को सुदृढ़ किया, जिससे सभी उपस्थित लोगों पर एक स्थायी प्रभाव पड़ा।

# श्री राम चौक के एक वर्ष पूरा होने पर पार्षद राधेश्याम त्यागी ने किया भंडारे का आयोजन






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के श्री राम चौक का 1 वर्ष पूरा होने पर क्षेत्रीय पार्षद राधेश्याम त्यागी ने हवन कर भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीराम चौक के साथ-साथ पूरे चौक चबूतरा को फूलों और लाइटों से खूबसूरती से सजाया गया है।

क्षेत्र के व्यापारियों और कारोबारियों ने भंडारे में भाग लिया। भंडारे के दौरान कई स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें करीब सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि श्री राम चौक के 1 वर्ष पूरा होने पर भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि श्री राम एक राजा के रूप में इतने अधिक आदर्शवादी थे, कि उनके राजकीय काल को रामराज्य के नाम से जाना जाता है। इससे सुंदर शाशनकाल का कोई उदाहरण न उसके पूर्व का मिलता है न पश्चात का, रामराज्य ही सर्वोत्तम राज काज का एक मात्र उदाहरण है। राम हमारी आस्था से




जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर पार्षदों में भूपेंद्र उपाधयाय धीरज अग्रवाल, राजकुमार भाटी, हरीश कडाकोटी, अनुज त्यागी, पर्व पार्षद महेंद्र चौधरी, पूर्व पार्षद अरविंद चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्शी, उमाशंकर तोमर, नरेंद्र त्यागी, सत्यप्रकाश त्यागी, सुरेंद्र शर्मा, मदनपाल शर्मा, अनिल मेंदीरत्ता, दिनेश सिंह, किशोर ठाकुर, सुरेश सैन, पार्षद प्रतिनिधि अंकुर त्यागी मौजूद रहे।




# जल्द थाने होंगे तिरंगी रोशनी से जगमग

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में अगले तीन दिनों के भीतर कमिश्नरेट के सभी प्रमुख कार्यालयों और थानों में तिरंगी रोशनी की सजावट शुरू हो जाएगी। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि गणतंत्र दिवस के लिए सभी थानों में सजावट के साथ वहां अन्य व्यवस्था की जाएगी। पिछले साल भी पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में बाकायदा सजावट वाला वीडियो भी अधिकारियों द्वारा साझा किया गया था। देखना होगा इस बार क्या होता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि 25 तारीख की रात से बॉर्डर वाले इलाकों पर अलर्टनेस अधिक कर दी जाएगी। इसके साथ ही तीनों जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों से लेकर बैंक, बाजारों, मेट्रो आरआरटीएस से लेकर प्रमुख बॉर्डर इलाके पर जांच की जाएगी। इसके साथ ही दिल्ली-नोएडा-गाजियाबाद और हापुड़ से लेकर अन्य जिलों से टच होने वाले इलाकों को लेकर बैरिकेडिंग लगाकर जांच कराई जाएगी। इसके साथ ही पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस में भी तिरंगी लाइटिंग और गुब्बारे की सजावट के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज को भी लहराया जाएगा। वहीं पुलिस के वाहनों और अन्य स्थानों पर भी लगाने की जानकारी मिल रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस बार गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस की ओर से भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट के सभी थानों और एसीपी कार्यालयों से लेकर कई अन्य स्थानों को भी तिरंगी थीम पर सजाया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस के वाहनों से लेकर लाइन व कार्यालय में भी तिरंगी थीम पर सजावट की जाएगी। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के डीसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यालयों से लेकर प्रमुख स्थानों पर तिंरगी थीम नजर आएगी। सुनने में आ रहा है कि वहीं गणतंत्र दिवस वाले दिन थानों पर भी सुबह झंडा फहराने से लेकर देशभक्ति गीतों और प्रसाद वितरण को लेकर कार्यक्रम होगा।



वहीं 26 जनवरी वाली सुरक्षा का खाका तैयार होने की जानकारी मिली है जिसे अगले दो दिनों के भीतर सभी जोन व सर्किल के साथ ही थानों क्षेत्रों में भी शुरु कर दिया जाएगा। सुनने में आ रहा है कि इस बार कमिश्नरेट वाले समारोह को पहले से ज्यादा भव्य व आकर्षक बनाने का प्रयास हो रहा है।

## दबंगों ने युवक का अंगूठा काटा, गर्दन पर भी किए वार

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** गांव कुम्हैड़ा में गन्ने की खेती को लेकर हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दबंगों ने एक युवक पर बलकटी और कुल्हाड़ी से हमला कर उसका अंगूठा काट दिया। गंभीर हालत में पीड़ित को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना उस समय हुई जब ललित और अमित अपने खेत से गन्ने की ट्रॉली लेकर जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही नरेंद्र पक्ष के लोगों ने उन्हें रोका और खेत में जाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। हालांकि उस वक्त लोगों ने मामला शांत करा दिया। लेकिन जब अमित गन्ना सेंटर से वापस आ रहा था, तब दबंगों ने अचानक हमला कर दिया। आरोपियों ने बलकटी और कुल्हाड़ी से अमित की गर्दन पर कई वार किए। अपनी गर्दन बचाने के प्रयास में अमित का हाथ का अंगूठा कट गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने नरेंद्र, सोनू, गौरव और कृष्णा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है। इसी क्षेत्र में एक अन्य घटना में तेल मिल गेट कॉलोनी में एक युवक अभिलाष गौड़ को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया। हमले में उसकी नाक की हड्डी टूट गई है। पीड़ित के परिजनों ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# नोएडा सीपी ने साइबर अपराध से बचने के टिप्स दिए




**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के जेवर स्थित प्रज्ञान पब्लिक स्कूल में 'साइबर सेफ उत्तर प्रदेश' अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने साइबर अपराधों से बचाव पर विशेष जोर दिया। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि तकनीक का सही इस्तेमाल जहां समाज के लिए लाभदायक है, वहीं इसका दुरुपयोग गंभीर परिणाम ला सकता है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया के दोनों पहलुओं पर प्रकाश डाला। साइबर क्राइम विशेषज्ञ अमित दुवे ने हैकिंग, ओटीपी सुरक्षा और एप्लीकेशन के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी त्रिवेणी सिंह ने साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, मजबूत पासवर्ड का महत्व, अनजान लिंक से बचने और सोशल मीडिया की गोपनीयता सेटिंग्स पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक डॉ. हरीश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्या डॉ. दीप्ति शर्मा, एडीसीपी साद मियां खान, अशोक कुमार और एसीपी सार्थक सेंगर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया गया।

# स्वर्गीय मनमोहन गोयल की प्रथम पुण्यतिथि पर उमड़ा भावनाओं का सैलाब






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिंदी भवन, लोहियानगर, गाजियाबाद में 21 जनवरी, 2025 को नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और उद्योगपति स्वर्गीय मनमोहन गोयल की प्रथम पुण्यतिथि का कार्यक्रम प्रायोजित हुआ। कार्यक्रम में मनमोहन गोयल के पिता स्वर्गीय हीरालाल गोयल एवं मनमोहन गोयल की धर्मपत्नी पुष्पा रानी गोयल के जीवन पर छपी पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। क्षेत्र प्रचारक महेन्द्र, एचआरआईटी विश्विद्यालय कुलपति अनिल अग्रवाल, पुलिस आयुक्त गाजियाबाद अजय कुमार मिश्र, यशोदा अस्पताल समूह के चेयरमैन दिनेश अरोड़ा, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एचएलएम ग्रुप के चेयरमैन सुनील मिगलानी, आईएमएस कॉलेज के चेयरमैन राकेश छारिया, एबीईएस कॉलेज के डायरेक्टर नीरज गोयल, नरेंद्र कंसल, प्रख्यात कवियत्री डा. रमा सिंह, विजय सेनैट्री के अनिल गर्ग, जिंदल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन रामअवतार जिंदल, अनिल सांवरिया, संजीव सचदेव, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेव राज शर्मा व अशोक गोयल, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिंह सिरोही, सेवानिवृत आईपीएस वीके शेखर, अल्प संख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, आईसी अग्रवाल समेत अन्य सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे। नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, उद्योगपति, परिवार के मित्र, रिश्तेदार भी हिन्दी भवन के सभागार में उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्वर्गीय मनमोहन गोयल के परिवार और तीनों पुत्रों मानवेंद्र गोयल, विश्वेद्र गोयल और उपेन्द्र गोयल द्वारा आयोजित किया गया था।



कार्यक्रम में उपस्थित विभूतियों द्वारा मनमोहन गोयल के विनम्र स्वभाव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उनके सम्बन्ध, नगर के औद्योगिक और सामाजिक जीवन में उनके योगदान, सदैव मदद को तत्पर स्वभाव और प्रभावशाली बहुआयामी व्यक्तित्व का बार बार जिक्र किया गया। उनके स्वर्गीय पिता हीरालाल गोयल के समाजसेवी, प्रखर राष्ट्रवादी एवं संस्थाओं के निर्माणकर्ता व्यक्तित्व के विषय में उपस्थित जनसमूह को पता चला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गाजियाबाद में सन 42 में शाखा भी स्वर्गीय हीरालाल गोयल द्वारा ही प्रारम्भ की गयी थी।

वक्ताओं ने बताया कि पुष्पा रानी गोयल ने भी पारिवारिक और सामाजिक सभी क्षेत्रों में अपने पति स्वर्गीय मनमोहन गोयल का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया है। उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा की पश्चिम उत्तर प्रदेश की संयोजिका, विश्व हिंदू परिषद की प्रदेश उपाध्यक्ष और अनेक सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया है। वे एक प्रखर वक्ता और प्रसिद्ध कवयित्री भी हैं।

स्वर्गीय हीरालाल गोयल एवं पुष्पा रानी गोयल के जीवन पर आधारित पुस्तकों के विमोचन के उपरांत धन्यवाद प्रस्ताव और अतिथियों को जलपान के लिए आमंत्रित किया गया। मंच संचालन धीरज शर्मा द्वारा किया गया। हिंदी भवन के खचाखच भरे सभागार में नगर वासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति एवं परिवार के लिए उनकी शुभकामनाओं की अभिव्यक्ति के साथ कार्यक्रम सफलता से सम्पन्न हुआ।

# जापानी टीवी चैनल ने कर्मचारी की करतूत छिपाई

## यौन उत्पीड़न उजागर हुआ तो 50 कंपनियों ने हटाए विज्ञापन



**जापान में एक टीवी चैनल को अपने कर्मचारी की करतूत छिपाना भारी पड़ गया। कंपनी के कर्मचारी के यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया तो 50 कंपनियों ने चैनल से अपने विज्ञापन वापस ले लिए**

**टोक्यो ।** कंपनियों ने चैनल पर पारदर्शिता और निष्पक्षता की कमी का आरोप लगाते हुए यह कदम उठाया।

दरअसल मामला फूजी टीवी कंपनी के एक टीवी होस्ट से जुड़ा है। साप्ताहिक पत्रिका शुकन बुनशुन ने एक रिपोर्ट में कहा कि पुरुष बैंड एसएमएपी के पूर्व सदस्य और फूजी टीवी के होस्ट मासाहिरो नाकाई ने एक महिला का यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद उसने महिला को समझौता करने के लिए एकमुश्त रकम का भुगतान किया।

रिपोर्ट में कहा गया था कि महिला ने 52 वर्षीय नाकाई पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। नाकाई ने 2023 में एक डिनर पार्टी में महिला का कथित यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद दिसंबर में नाकाई और महिला के बीच 90 मिलियन येन (580,000 डॉलर) का समझौता हुआ था। नाकाई ने एक बयान जारी करके समझौते की बात स्वीकार की थी। मगर उन्होंने किसी तरह की हिंसा करने की बात से इन्कार कर दिया था। मगर फूजी टीवी ने इसे लेकर कोई कार्रवाई नहीं की और मामले को छिपाया।

हाल ही में जब एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में फूजी टीवी के अध्यक्ष कोइची मिनाटो ने घटना को लेकर बयान दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि कंपनी को शुकन बुनशुन रिपोर्ट से छह महीने पहले ही इस मामले की जानकारी हो गई थी। मगर कंपनी ने इसका खुलासा नहीं किया। उन्होंने सभी से माफी मांगते हुए कहा कि फूजी टीवी मामले की जांच करेगा। मगर हमारा मानना है कि कर्मचारियों ने कुछ भी गलत नहीं किया है। फूजी टीवी ने कई विज्ञापनदाताओं और एजेंसियों को परेशानी पहुंचाने के लिए माफी मांगी। इसके बाद विज्ञापनदाताओं ने टीवी से हाथ खींच लिए। उन्होंने विज्ञापनों की जगह सार्वजनिक सेवा की घोषणा की। विज्ञापनदाताओं ने कहा कि फूजी टीवी में पारदर्शिता की कमी है। साथ ही उसे इस मामले में कोई पछतावा भी नहीं है। बताया जा रहा है कि 50 से अधिक बड़ी कंपनियों ने फूजी टीवी से विज्ञापन हटाने की बात कही है।

# गाजा पट्टी और पश्चिमी तट पर शासन के लिए तैयार

## यूएन सुरक्षा परिषद में फलस्तीन की मांग

**जिनेवा ।** 15 महीनों तक चले इस्राइल-हमास जंग में युद्ध विराम समझौते पर इस्राइली की सहमति के बाद फलस्तीन के क्षेत्रों में थोड़ी शांति देखने को मिल रही है। इसी बीच फलस्तीनी सरकार ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में मांग उठाई है कि वह गाजा पट्टी और पश्चिमी तट को चलाने की ज़िम्मेदारी लेने के लिए तैयार है। साथ ही यूरोपीय संघ और मिस्त्र के साथ मिलकर सीमा पार बिंदुओं को प्रबंधित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



### यूएन रक्षा परिषद में बोले फलस्तीनी मंत्री

मामले में फलस्तीनी विदेश मामलों की मंत्री वरसेन अगाबेकियन ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंत्रीस्तरीय बैठक में कहा कि उनकी सरकार फलस्तीनी पुलिस और सुरक्षा बलों को प्रशिक्षण देने और सुसज्जित करने के लिए किसी भी सहायता का स्वागत करती है। इसके साथ ही उन्होंने तत्काल मानवीय सहायता की अपील भी की।

### अगाबेकियन ने जताई उम्मीद

साथ ही बैठक में अगाबेकियन ने उम्मीद जताई कि छह हफ्तों का युद्धविराम एक अंतिम युद्धविराम की दिशा में कदम बढ़ाएगा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का तर्क देते हुए ये उम्मीद भी जताई कि इस युद्ध विराम के बाद यह इस्राइल के कब्जे को एक साल के भीतर समाप्त करने के लिए एक राजनीतिक मार्ग तैयार करेगा। इस्राइल ने दिया जवाब फलस्तीनी मंत्री के बयान के बाद इस्राइल की राजनयिक समन्वयक रुत शापिर बेन नाफटाली ने पलटवार किया। साथ ही उन्होंने परिषद से कहा कि यह युद्ध तब तक समाप्त नहीं होगा जब तक हर बंधक को वापस नहीं लिया जाता और हमास की आतंक फैलाने की क्षमता को नष्ट नहीं किया जाता।

उन्होंने यह भी कहा कि मध्य पूर्व एक मोड़ पर खड़ा है, जहां ईरान के समर्थक समूह जैसे कि हमास और लेबनान में हिजबुल्लाह को विनाशकारी नुकसान हुआ है और ईरान के आतंकी नेटवर्क, जिसमें यमन के हूथी भी शामिल हैं।

# ट्रंप के शपथ ग्रहण में दिखा भारत का बढ़ता कद, जयशंकर की इस तस्वीर से दुश्मनों को होगी जलन

**वॉशिंगटन ।** पूरी दुनिया की निगाहें सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह पर लगी रहीं। इस दौरान एक बात ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा और वो ये था कि ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर को पहली पंक्ति में ट्रंप के मंच के ठीक सामने बिठाया गया था। यह वैश्विक परिदृश्य में भारत के ऊंचे होते कद का उदाहरण है। इस तस्वीर से भारत के दुश्मनों को जलन होना स्वभाविक है।



है कि अमेरिका, भारत के साथ अपने संबंधों को कितनी अहमियत देता है।

ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में क्वाड के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों को आमंत्रित किया गया था। जयशंकर द्वारा पोस्ट की गईं तस्वीरों में दिख रहा है कि ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वॉन्ग को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया है, वहीं जयशंकर को विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों के साथ पहली पंक्ति में जगह दी गई थी।

### पहली पंक्ति में जयशंकर को बिठाया गया

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में जयशंकर ने ट्रंप के शपथ ग्रहण की कई तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों के साथ जयशंकर ने लिखा कि 'राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के वॉशिंगटन डीसी में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करना बड़े सम्मान की बात है।' भारतीय विदेश मंत्री ने जो तस्वीरें साझा कीं, उनमें दिख रहा है कि उन्हें पहली पंक्ति में इक्वाडोर के राष्ट्रपति के बगल में बिठाया गया है। जयशंकर को पहली पंक्ति में बिठाना, इस बात का साफ संकेत

### भारत दौरे पर आने का विचार कर रहे ट्रंप

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही भारत दौरे पर भी आ सकते हैं। इस बात की भी चर्चा है कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी ट्रंप जल्द ही व्हाइट हाउस आने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। इससे साफ है कि अमेरिका में भले ही सरकार बदल गई है, लेकिन भारत के साथ रिश्तों को लेकर अमेरिका पूरी गंभीरता से आगे बढ़ रहा है। ट्रंप सरकार के कई मंत्री भी भारत समर्थक हैं। ट्रंप प्रशासन में सबसे पहले जगह पक्की करने वाले मार्को रूबियो अमेरिका के विदेश मंत्री बने हैं और वे भारत के तगड़े समर्थक हैं।

# पूर्व राष्ट्रपति यून ने अपने मार्शल लॉ के आदेश का किया बचाव, गिरफ्तारी के बाद पहली बार आए सामने

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया के महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल ने मंगलवार को इस बात से इनकार किया कि उन्होंने सेना को सांसदों को नेशनल असेंबली से बाहर निकालने का आदेश दिया था, ताकि वे पिछले महीने उनके मार्शल लॉ के आदेश को खारिज करने के लिए मतदान न कर सकें, क्योंकि वे संवैधानिक न्यायालय के समक्ष पहली बार पेश हुए थे, जो उनके भाग्य का निर्धारण करेगा।



### गिरफ्तारी के बाद पहली बार आए सामने

अल्पकालिक मार्शल लॉ के बाद गिरफ्तार किए जाने के बाद यून सुक येओल की अदालत में उपस्थिति पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी। बता दें कि, 3 दिसंबर को अचानक मार्शल लॉ लागू करने के बाद, यून सुक येओल ने नेशनल असेंबली को घेरने के लिए सैनिकों और पुलिस अधिकारियों को भेजा, लेकिन पर्याप्त सांसद उनके आदेश को खारिज करने के लिए सर्वसम्मति से मतदान करने में सफल रहे, जिससे यून सुक येओल के मंत्रिमंडल को अगली सुबह जल्दी ही मार्शल लॉ वापस लेना पड़ा।

यून सुक येओल ने अदालत में तर्क दिया है कि उनके सैनिकों को भेजने का उद्देश्य विधानसभा को अवरुद्ध करना नहीं था, बल्कि इसके बजाय मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को चेतावनी देना था, जिसने अपने विधायिका बहुमत का उपयोग उनके एजेंडे को बाधित करने, उनके बजट बिल को कमजोर करने और उनके कुछ शीर्ष अधिकारियों पर महाभियोग चलाने के लिए किया है।

**कमांडरों ने यून सुक येओल के रुख से जताई असहमति :** मार्शल लॉ की घोषणा में, यून सुक येओल ने विधानसभा को 'अपराधियों का अड्डा' कहा, जो सरकारी मामलों में बाधा डाल रहा था, और 'बेशर्म उत्तर कोरिया के अनुयायियों और राज्य विरोधी ताकतों' को खत्म करने की कसम खाई। विधानसभा में भेजे गए सैन्य इकाइयों के कमांडरों ने यून सुक येओल के रुख से असहमति जताई है। एक विशेष बल इकाई के कमांडर क्वाक जोंग-क्यून ने विधानसभा की सुनवाई में बताया कि यून सुक येओल ने उन्हें सीधे फोन किया था और कहा था कि उनके सैनिक 'जल्दी से दरवाजा तोड़ दें और अंदर मौजूद सांसदों को बाहर निकाल दें।' क्वाक ने कहा कि उन्होंने आदेश का पालन नहीं किया। 'सांसदों को बाहर निकालने का आदेश कमांडरों को नहीं दिया।

# तुर्किये के होटल में लगी आग, 10 लोगों की मौत, 32 झुलसे

## कड़ी मशक्कत के बाद दमकलों ने पाया काबू

**अंकारा ।** तुर्किये के एक होटल में बड़ा हादसा हुआ है। उत्तर पश्चिमी तुर्किये के एक स्की रिसोर्ट होटल में आग लग गई। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि 32 लोग झुलस गए। दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



तुर्किये के मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि बोलू प्रांत के करतलकाया रिसोर्ट के रेस्टोरेंट में रात को आग लग गई। आग लगने के बाद होटल में अफरातफरी मच गई। गवर्नर अब्दुलअजीज आयदीन ने बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट में इमारत से बाहर कूदने के चलते हुई। उन्होंने कहा कि होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। इसकी जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद कुछ लोगों ने चादरों के सहारे अपने कमरों की खिड़कियों से नीचे उतरने की कोशिश की। होटल में प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वह इमारत से बाहर निकल गए। इसके बाद उन्होंने करीब 20 मेहमानों को होटल से बाहर निकालने में मदद की।

उन्होंने कहा कि होटल धुएं से घिरा हुआ था, जिससे मेहमानों के लिए आग से बचने का स्थान ढूंढना मुश्किल हो गया था। मैं अपने कुछ छात्रों तक नहीं पहुंच सका। मुझे आशा है कि वे ठीक हैं। बताया जा रहा है कि होटल के बाहरी हिस्से पर लकड़ी से आग फैलने में तेजी आई होगी।

# जंग शुरू नहीं हुई तो गिरा देंगे सरकार, युद्धविराम लागू होने पर नेतन्याहू को इस्राइली मंत्री की धमकी

**यरुशलम ।** इस्राइल-हमास के बीच लागू युद्ध विराम समझौते को लेकर इस्राइली सरकार में आंतरिक क्लेश की खबर सामने आ रही है। जहां बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार को उनके मंत्रालय के नेता हीं धमकी दे रहे है कि युद्ध विराम समझौता के बाद अगर युद्ध फिर से शुरू नहीं हुआ तो वो नेतन्याहू की सरकार को गिरा देंगे।



### नेतन्याहू सरकार को मिल रही धमकी

नेतन्याहू सरकार को ये धमकी इस्राइल के दक्षिणपंथी वित्त मंत्री बेजेलेल स्टोट्रिच ने दी है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अगर बेंजामिन नेतन्याहू छह सप्ताह में युद्ध विराम के पहले चरण की समाप्ति के बाद गाजा में युद्ध फिर से शुरू नहीं करते हैं। तो मैं सरकार गिरा दूंगा।

बता दें कि धार्मिक और अति-राष्ट्रवादी पार्टी के नेता स्मोट्रिच ने युद्ध विराम समझौते के खिलाफ वोट किया था, लेकिन अभी भी सरकार में बने हुए हैं। अगर वह सरकार छोड़ते हैं तो नेतन्याहू का बहुमत खत्म हो जाएगा और इससे सरकार गिर सकती है जिसके बाद समय से पहले चुनाव हो सकते हैं। भगवान ना करें लेकिन स्मोट्रिच ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अगर भगवान न करे लेकिन अगर युद्ध फिर से शुरू नहीं हुआ तो मैं सरकार गिरा दूंगा। साथ ही स्मोट्रिच ने कहा कि उन्हें यह आश्वासन मिला है कि इस्राइल युद्ध विराम के पहले चरण के बाद युद्ध फिर से शुरू करेगा, जिसमें गाजा में बंधक बनाए गए 33 लोग घर लौटेंगे और सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा। दूसरे चरण में युद्ध को समाप्त करने और बाकी बंधकों को भी वापस लाने पर चर्चा की जाएगी।

# ट्रंप के सरकारी कार्यदक्षता विभाग का हिस्सा नहीं होंगे विवेक रामास्वामी

**वॉशिंगटन ।** डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के साथ ही एक बड़ी खबर सामने आ रही है कि भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी अब ट्रंप के सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का हिस्सा नहीं होंगे। इसको लेकर व्हाइट हाउस ने सोमवार को बताया कि विवेक रामास्वामी अब सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का हिस्सा नहीं हैं।




बता दें कि अपने मंत्रीमंडल के चयन के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने विवेक रामास्वामी को एलन मस्क के साथ मिलकर सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का नेतृत्व करने के लिए चुना था। इस कारण दिया इस्तीफाविवेक रामास्वामी के इस्तीफे के कारण पर प्रकाश डालते हुए डीओजीई के प्रवक्ता अन्ना केली ने कहा कि रामास्वामी ने विभाग में महत्वपूर्ण योगदान दिया था, चूंकि अब उन्होंने ओहियो के गवर्नर के पद के लिए चुनाव लड़ने का इरादा जताया है, इसलिए उन्हें इस विभाग से बाहर होना पड़ रहा है।

इस पद के लिए चुनाव लड़ना चाहते है रामास्वामी

गौरतलब है कि भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी ने सबसे पहले राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का फैसला किया था। उन्होंने भी रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी भी पेश की थी। हालांकि उन्होंने अब ओहियो के गवर्नर के लिए चुनाव लड़ने का इरादा जताया है। इसलिए ट्रंप के राष्ट्रपति पद के लिए शपथ ग्रहण करने के कुछ ही घंटों बाद ही विवेक रामास्वामी को सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) से इस्तीफा देना पड़ा।

# नहर पर हमारा कब्जा है और आगे भी रहेगा

## ट्रंप के एलान पर भड़के पनामा के राष्ट्रपति

**पनामा सिटी ।** शपथ ग्रहण के बाद एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप ने पनामा नहर पर कब्जे की बात दोहराई। हालांकि पनामा की तरफ से इसे लेकर कड़ी आपत्ति जताई गई है। पनामा के राष्ट्रपति ने अपने ताजा बयान में कहा है कि नहर पर पनामा का कब्जा है और आगे भी रहेगा। पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने कहा कि किसी भी देश को पनामा के मामलों में दखल नहीं देना चाहिए।



### पनामा के राष्ट्रपति ने जारी किया आधिकारिक बयान

पनामा के राष्ट्रपति मुलिनो ने बयान में कहा कि 'ट्रंप के पनामा और पनामा नहर को लेकर दिए गए बयान को ध्यान में रखते हुए हम कहना चाहते हैं कि नहर पर पनामा का नियंत्रण है और आगे भी रहेगा। इसकी तटस्थता का सम्मान किया जाना चाहिए और किसी भी देश को हमारे मामलों में दखल नहीं देना चाहिए।' मुलिनो ने कहा कि 'नहर कोई उपहार नहीं थी बल्कि यह कई पीढ़ियों के संघर्ष का नतीजा था, जो साल 1999 में संधि के रूप में फलित हुआ। उसके बाद से 25 साल से बिना किसी व्यवधान के हम नहर का प्रशासन कर रहे हैं। पनामा नहर के जरिए अमेरिका समेत पूरी दुनिया में व्यापार का विस्तार हुआ है।' पनामा के राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें जो अधिकार दिया गया है, उसका वे पूरी समझदारी से इस्तेमाल करेंगे और सभी मित्र देशों के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करेंगे। हमारे अधिकारों, संप्रभुता और संपत्ति के अधिकार को कमजोर किए बिना, बातचीत के जरिए विवादों को दूर किया जा सकता है।

### ट्रंप ने कही थी कब्जा करने की बात

गौरतलब है कि अमेरिका के समुद्री व्यापार का बड़ा हिस्सा पनामा नहर के जरिए होता है। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से ही पनामा नहर पर कब्जे की बात कर रहे हैं।

# सीनेट ने मार्को रूबियो को विदेश मंत्री बनाने की दी मंजूरी

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी सीनेट ने मार्को रूबियो को देश का अगला विदेश मंत्री बनाने की मंजूरी दे दी है। सीनेट ने सर्वसम्मति से मार्को रूबियो का नाम मंजूर किया। इसके साथ ही ट्रंप की कैबिनेट में जगह पक्की करने वाले मार्को रूबियो पहले नेता बन गए हैं। सीनेट के सभी 99 सदस्यों ने रूबियो का समर्थन किया। इनमें खुद रूबियो का नाम भी शामिल है। ओहायो से सीनेटर जेडी वेंस, जो अब अमेरिका के उपराष्ट्रपति हैं, वे सीनेट से इस्तीफा दे चुके हैं। यही वजह रही कि सीनेट की एक सीट खाली है और सिर्फ 99 सदस्यों ने मतदान किया।



अमेरिका के 72वें विदेश मंत्री

मार्को रूबियो लैटिन अमेरिकी मूल के नेता हैं और साल 2011 से फ्लोरिडा से सीनेटर हैं। रूबियो को चीन का कट्टर विरोधी माना जाता है और यही वजह है कि उन्हें चीन ने साल 2020 में प्रतिबंधित भी कर दिया था। रूबियो सीनेट की खुफिया मामलों की समिति के भी सदस्य रहे हैं। लैटिन मूल के रूबियो पहले नेता हैं, जो अमेरिका के विदेश मंत्री पद तक पहुंचे हैं, साथ ही अमेरिका के 72वें विदेश मंत्री होंगे। सीनेट की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष जिम रीच ने रूबियो की तारीफ की और कहा कि जब अमेरिका कई चुनौतियों से जूझ रहा है और उसके दुश्मन उसे कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, तब मार्को रूबियो का विदेश मंत्री बनना अहम है।

# इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर भूस्खलन और बाढ़ का कहर, 16 की मौत, नौ लोग लापता, तलाश जारी

**जकार्ता ।** इंडोनेशिया के जावा द्वीप के पहाड़ी गांवों में अचानक भूस्खलन और बाढ़ ने तबाही मचाई। आपदा में 16 लोगों की मौत हो गई। इंडोनेशियाई बचावकर्मियों ने इन लोगों के शव कीचड़ और चट्टानों के नीचे से बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि नौ लोग लापता हैं। उनकी तलाश जारी है।

इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख बर्गास कैटुरसासी ने बताया कि सोमवार को हुई बारिश के कारण नदियां उफान पर आ गईं। इसके चलते मध्य जावा प्रांत के पेकलोंगान क्षेत्र के नौ गांवों में बाढ़ आ गई। इसके अलावा पहाड़ी बस्तियों में कीचड़, चट्टानें और पेड़ गिर गए।



आपदा के बाद बचावकर्मियों ने तत्काल प्रक्रिया की। उन्होंने पेटुंगक्रीयोनो गांव से कम से कम 16 लोगों के शव निकाले। जबकि बचावकर्मी नौ ग्रामीणों की तलाश कर रहे हैं। कैटुरसरी ने बताया कि दस घायल लोगों को अस्पतालों में ले जाया गया है। दरअसल इंडोनेशिया में अक्तूबर से मार्च तक मौसमी बारिश होती है। इसके चलते अक्सर बाढ़ और भूस्खलन होता है। इंडोनेशिया में 17 हजार द्वीप हैं। यहां लाखों लोग पहाड़ी क्षेत्रों में रहते हैं।

**जुलाई 2024 में सोने की खदान में हुआ था भूस्खलन :** जुलाई 2024 में इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश की वजह से एक अवैध सोने की खदान में भूस्खलन हो गया था। भूस्खलन की वजह से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 18 लोगों का कुछ पता नहीं लगा। भूस्खलन से कुछ घर भी तबाह हो गए। इंडोनेशिया की आपदा एजेंसी (बीएनपीबी) ने कहा था कि भूस्खलन से कई घर और एक पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे पहले दक्षिण सुलावेसी में अप्रैल में एक भूस्खलन में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह घटना भी भारी बारिश के चलते ही हुई थी। वहीं, इंडोनेशिया के पश्चिम सुमात्रा प्रांत में मई में मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ और मिट्टी खिसकने से 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

# 24-26 जनवरी को हिंदी भवन में मनाया जायेगा 'उत्तर प्रदेश दिवस–2025' समारोह : अभिनव गोपाल

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में यूपी दिवस 2025 के लिए क्रियान्वयन बैठक आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में 'उत्तर प्रदेश दिवस–2025' समारोह मनाने के सम्बंध में क्रियान्वयन बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान बताया गया कि 24 - 26 जनवरी 2025 तक उत्तर प्रदेश दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने बैठक के दौरान बताया कि शासनादेश के अनुपालन में 24–26 जनवरी 2025 को हिन्दी भवन लोहिया नगर गाजियाबाद में प्रातः 11:00 बजे से "उत्तर प्रदेश दिवस–2025" कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें वर्ष 2025 के "उत्तर प्रदेश दिवस" आयोजन की मुख्य थीम "विकास एवं विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश" है। अतएव समस्त विभागों द्वारा इसी थीम पर प्रदर्शनियां, संगोष्ठियां, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, रोड शो, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं जनपद की धरोहर की प्रर्दशनियों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस व मतदाता जागरूकता दिवस एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग शासनदेश के अनुपालन में आवंटित स्टाल पर आदेशित प्रदर्शनी की थीम व अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रदर्शनी लगाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ वार्डन ललित जायसवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव, जिला प्रोबेसन अधिकारी, डीडी कृषि, डीएसटीओ, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 25 जनवरी को मनाया जाएगा 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस : मुख्य निर्वाचन अधिकारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ०प्र० सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर अथवा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन स्कूल व शैक्षणिक संस्थाओं में प्रजातांत्रिक मूल्यों के उत्प्रेरण के लिए सम्बन्धित गतिविधियां यथा निबन्ध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचल अधिकारी ने सरकारी विभागों/कार्यालयों में साप्ताहिक अवकाश होने के कारण संबंधित विभाग सुविधानुसार 24 जनवरी 2025 को उक्त शपथ-ग्रहण का कार्यक्रम कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अधीनस्थ कार्यालयों एवं बैंकों में समस्त कर्मचारियों/अधिकारियों को शपथ दिलाये जाने के लिए कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ आयोजित कराया जाए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की फोटो एवं वीडियोग्राफी कराकर उसी दिन कार्यालय की ई.मेल आई.डी. पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर इस प्रकार लें शपथ

हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप हमारी बात पर करो ट्रस्ट? बन जाते मिस्टर कूल संजीव गुप्ता महानगर अध्यक्ष? अगर वाले दिखाते थोड़ा बहुत भी इंट्रस्ट? उन्होंने खुद को गेम से दूर रखकर कर दिया दूसरे दावेदारों का काम आसान? ऐसा हम नहीं कह रहे, लखनऊ के लेवल पर चर्चा हो रही थी श्रीमान? कह रहे थे ये होते रेस में तो कर देते सबको आउट? सच बता रहे हैं हम आपको यहां पर नहीं है कोई डाउट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस वक्त जबरदस्त तरीके से भड़क रहे हैं भाजपा महानगर अध्यक्ष बनने के शोले? मगर मैं आपको एक बात बतांऊ, यहां पर हमारे एक त्यागी और एक वैश्य चेहरे हैं बहुत ही ज्यादा भोले? वो सोच रहे हैं कि पैनल में आ गया है उनका नाम? बस गलतफहमियों के सिलसिले ही काफी हैं? उनको पालने में कौन सा हर्ज है श्रीमान? कोई बात नहीं समय दूर करेगा इनका दर्द? इनके भोलेपन के बारे में बताना तो था हमारा फर्ज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको दे रहा हूं एक चैलेंज? उस चैलेंज को भाजपा का कोई भी सीनियर पार्षद नहीं करेगा स्वीकार? आप पूछोगे जब इन सीनियर पार्षदों से कब होगी बोर्ड बैठक? तब इस प्रश्न में ये बंद कर लेंगे मुंह के द्वार? कुछ भी नहीं करेंगे ये इस प्रश्न पर रिप्लाई? गहराई में जाओंगे तो पता चलेगा? इन्होंने बोर्ड मैम्बरी के लिए किया हुआ है एप्लाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजयुमो वाले भैया डेढ़ा, लग रहा है इस बार किसी को भी येढ़ा बनकर नहीं खाने देंगे पेड़ा? सुना है ये भी महानगर टीम में आने की कर रहे हैं तैयारी? हम देख रहे हैं आज कल ये लगातार संभाल रहे हैं मंच और माईक वाली जिम्मेदारी? देख लेना संगठन के किसी मजबूत पद पर दिखाई देगी इनकी अदाकारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूर्व मंडल अध्यक्ष शुक्ला जी की मोहब्बत इतनी है सनम? सुना है ये हैवीवेट पर ही शुरू होती है और हैवीवेट पर ही हो जाती है खत्म? हमने देखा शुक्ला जी कह रहे थे किसी से अपने दिल की बात? कह रहे थे इस मोहब्बत का हम फर्ज निभा रहे हैं साहब? जैसे वो चाहेंगे तय कर देंगे हमारी राजनीति की दिशा? हमें तो आज तक उनके अलावा नहीं है कोई भी दिखा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के महानगर अध्यक्ष एक प्रबल दावेदार किसी से कर रहे थे अपने दिल की बात? कह रहे थे वक्त करता है हमारे साथ हंसी सितम, हम आपको क्या बतायें साहब? हर बार पैनल से जाता है हमारा लखनऊ में नाम? फिर कुछ ऐसा होता है कि अंत में बिगड़ जाता है काम? इस बार भी हमने लगाई हुई है प्रभु से पूरी आस? बाकी पार्टी जो भी हमारे लिए सोचेगी? उसे हम दिल से करेंगे पास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन्दिराजी वाले एरिया के पूर्व भगवा कमिश्नर की गाड़ी और बोर्ड इस वक्त पैदा कर रहा है कई आंखों में किरकिरी? उनके बोर्ड को देख कर कई दिल जलों के दिल में चल रही है छुरी? कहने वाले कह रहे हैं अभी भी ये वर्तमान वाला पद लिखकर ना जाने क्या देना चाह रहे हैं संदेश? हमने तो एक वक्त खुद ही हटवा दिये थे अपने बोर्ड? जब पूर्व हो गया था हमारा फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको एक अंदर की बात कर रहे हैं जारी? सांसद जी उस पर बहुत टाईट हो रहे हैं जो होता है भ्रष्ट्राचारी? हमें पता चला है वो अभी तक एक खाकी वाले और एक विकास वाले कर्मचारी को करा चुके हैं सस्पेंड? शिकायत मिलने पर लगने ही नहीं देते हैं वो उसका स्टेंड? अगर हो आपके पास भ्रष्ट्राचार का कोई मसला? चले जाना सांसद जी के पास, उससे निपटने का उनके पास है असला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गर्ग साहब कब, क्या करते हैं ये बात है हमारी समझ से दूर? हमें पता चला है उनकी सलाह पर ही एक ओबीसी चेहरे ने मारा था मिजोरम का टूर? गर्ग साहब ने ही इन चेहरों को किया था वहां जाने के लिए मोटीवेट? कहा था जहां दिल से संबंध हों, वहां किसी बात का वेट नहीं करते? आप जाओ वहां तो वैसे भी खोल रखें हैं, उन्होंने अपने दिल के गेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस वक्त भगवागढ़ के एक महामंत्री को हो रही है अध्यक्ष बनने की बहुत ज्यादा बैचेनी? वो सुबह उठते ही कर देते हैं तमाम लोगों को जानकारी लेने के लिए फोन? जैसे कोई अपनी तलब दूर करने के लिए खाता है खैनी? इन महामंत्री की हो रही है इस वक्त हर जगह चचाईं? कहने वाले ने कहा हम जानते हैं इस मामले में बहुत कुछ? मगर जो बात हैं उसे पर्दे में रहने दो? उन्हें जब तक मिल रहा है खैनी का मजा, तब तक लेने दो?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# भाजपा ने उत्सव भवन में 'संविधान गौरव अभियान' संगोष्ठी का किया आयोजन

## 'संविधान गौरव अभियान की शुरुआत नागरिक जागरूकता के लिए अहम पहल'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नागरिकों में संविधान के प्रति जागरूकता और गर्व की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से 'संविधान गौरव अभियान' की शुरुआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान की गरिमा, मूल अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति आम जनता को जागरूक करना है।

इसी कड़ी में भाजपा महानगर द्वारा विजयनगर स्थित उत्सव भवन में एक संविधान गौरव अभियान संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश की उपाध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी कांता कर्दम मौजूद रहीं।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेता बलदेव राज शर्मा, अमर दत्त शर्मा, पूर्व मेयर आशा शर्मा, पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, प्रदीप चौहान कार्यक्रम के महानगर संयोजक एवं महानगर महामंत्री सुशील गौतम, महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, मोर्चा के अध्यक्ष अनिल कल्याणी, सचिन डेढ़ा, रेनू चंदेला, संजय रावत, पंकज भारद्वाज, सुमन सिंह, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित वार्ड जनप्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। महानगर की ओर से मुख्य अतिथि कांता कर्दम को बुके एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया गया।







### संविधान न केवल भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक है, बल्कि यह हर नागरिक के अधिकारों और दायित्वों का आधार भी : कांता कर्दम



प्रदेश की उपाध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी कांता कर्दम ने कहा कि संविधान न केवल भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक है, बल्कि यह हर नागरिक के अधिकारों और दायित्वों का आधार भी है। भाजपा और भाजपा समर्थित सरकारों ने सदैव संविधान रचयिता बाबा साहब के सम्मान में प्राथमिकता से कार्य किया। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने अपनी सोची–समझी रणनीति के आधार पर बाबा साहब के अपमान में कोई कसर नहीं छोड़ी और उन्हें हमेशा शीर्ष होने पर भी नजरंदाज किया। कांता कर्दम ने आगे कहा जिन्होंने कभी भी संविधान रचयिता बाबा साहब का सम्मान नहीं किया हो वह ही आज शोर मचाकर संविधान की रक्षा की गारंटी ले रहे हैं जिन्होंने खुद अपने कार्यकाल में 11 बार संविधान को बदला हो आज वह संविधान की रक्षा की दुहाई दे रहे हैं।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आल इंडिया इमाम ऑगेर्नाइजेशन के चीफ डॉ उमर अहमद इलियासी गाजियाबाद में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आए। इस दौरान सहकारिता क्रय विक्रय समिति चैयरमैन वीरेंद्र सारस्वत ने उनसे विशेष मुलाकात की। वीरेंद्र सारस्वत ने डॉ उमर अहमद इलियासी से कई मुद्दों पर बात की।इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदप्रकाश गर्ग खादी वाले भी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### समाज कल्याण विभाग ने अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग से की अपील

# पुत्रियों की शादी के लिए संचालित वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें लाभार्थी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाज कल्याण विभाग ने अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु संचालित वेबसाइटhttps://shadianudan.upsdc.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन शादी हेतु लाभार्थी आवेदन कर सकते हैं।

निदेशक, समाज कल्याण, उ०प्र०, लखनऊ के समस्त जिलाधिकारी, उ०प्र० को सम्बोधित 31 दिसंबर 2024 द्वारा सामान्य वर्ग एवं अनुसूचित जाति के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना के अंतर्गत 10 जून 2016 निहित प्राविधानान्तर्गत पूर्व की भांति आनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। समाज कल्याण विभाग की अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, राज्य केन्द्र, राज्य इकाई, लखनऊ द्वारा संचालित वेबसाइट https://shadianudan.upsdc.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। योजनान्तर्गत सहायता की देय धनराशि प्रति शादी रु० 20,000/- होगी।



**शासनादेश में वित्तीय सहायता हेतु निम्नवत पात्रता निर्धारित की गई है:-**

1. समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनान्तर्गत आवेदक की आय गरीबी सीमा के अन्तर्गत आवेदक की आय सीमा के अन्तर्गत होनी चाहिए अर्थात शहरी क्षेत्र में रु. 56,460/- प्रतिवर्ष तथा ग्रामीण क्षेत्र में रु. 46,080/- प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होगी।

2. अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के आवेदकों को तहसील द्वारा ऑनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र का क्रमांक अंकित करना अनिवार्य है।

3. विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री की शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।

4. एक परिवार से अधिकतम 2 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा।

अतः पात्रता श्रेणी में आने वाले सर्वसाधारण को सूचित करते हुए अनुरोध है कि दिनांक 31 मार्च 2025 तक होने वाली पुत्रियों की शादी हेतु आनलाइन आवेदन वेबसाइट के माध्यम से करते हुए योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# निगम संबंधित वादों की जानकारी एक क्लिक पर : विक्रमादित्य सिंह मलिक

## लीगल केस मैनेजमेंट सिस्टम से विभाग की कार्रवाई होगी सरल, प्रभावी होगी पैरवी






**नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लीगल केस मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से विधि विभाग के कार्यों को भी बनाया सरल**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह का मालिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम की कार्य शैली को हाईटेक किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा लीगल केस मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से विधि विभाग के कार्यों को भी सरल बनाया है, जिसकी कार्य योजना पूर्ण हो चुकी है। फरवरी में लीगल केस मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से सभी वकील व अन्य विधि विभाग का स्टाफ अधिकारी बाबू सरलता से कम समय में निगम संबंधित सभी वादों पर पूर्ण जानकारी एक क्लिक पर रख सकेंगे, जिससे पैरवी भी प्रभावित होगी।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि लीगल टीम को निगम संबंधित चल रहे केस में बड़ी-बड़ी फाइलों को मेंटेन रखना पड़ता था जिसमें पुरानी जानकारी भी संभाल कर रखनी पड़ती थी जिसको हाईटेक बनाते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा एक प्लेटफार्म पर लाया गया है। सभी निगम संबंधित वाद-विवादों को अपलोड करते हुए जानकारी एक ही क्लिक पर लाई जाएगी। संबंधित केस से जुड़ा हुआ वकील पैरवी के समय मजबूती से अपना पक्ष रख पाएगा, तथा शहर हित में बेहतर कार्य को रफ्तार मिलेगी, इसके अलावा विधि विभाग की टीम को आने वाली केस की डेट का भी अलार्म मिलेगा, जिससे तैयारी को मजबूत किया जाएगा, संबंधित विभागीय अधिकारी भी जुड़े हुए वाद की पूर्ण जानकारी देख सकेंगे आपसी समन्वय में भी सरलता रहेगी।

शहर को हाईटेक बनाने की क्रम में गाजियाबाद नगर निगम लगातार विभागों से जुड़े कार्यों को आधुनिक पद्धति से जोड़ रहा है। लीगल केस मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से विधि विभाग अपडेट रहेगा। फरवरी माह से कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी इसके लिए संबंधित टीम को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, निगम तथा शहर हित में आधुनिक तकनीकी से बनाई जा रही योजनाएं लाभदायक सिद्ध होगी।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Sanjeev Sharma and Naresh Verma commented.

Inder Jeet Singh Titu
19h

आज बहुत ही खुशी का दिन है
छोटी बिटिया के बड़े बेटे गुरबाज सिंह का आज जन्मदिन है
आज के दिन गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने बिटिया की घर में एक नई गाड़ी भेजी है
परमपिता परमात्मा का शुकराना
छोटी बिटिया के पूरे परिवार को मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सरदार इंदरजीत सिंह टीटू ने अपनी उस खुशी को साझा किया जो उनकी बिटिया के लिए उनके प्यार से जुड़ी है। इस खुशी में नाना धेवते का प्यार भी है और परिवार में आई नई कार भी है। खुशियों को साझा करती एक पिता के प्यार को बयां करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।